RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-11 | अंक-12 | जयपुर, रविवार, 12 जुलाई 2026 | मूल्य-4 रूपये

## 20 लाख का गांजा, स्मैक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** उनियारा थाना पुलिस ने शनिवार को स्कॉर्पियो सवार चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 20 लाख रुपए का गांजा और स्मैक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 60 ग्राम गांजा, 69.35 ग्राम स्मैक, एक स्कॉर्पियो गाड़ी, चार स्मार्टफोन और 4,780 रुपए भी जब्त किए हैं। उनियारा थाने के एएसआई रतनलाल मीणा ने बताया कि थाना प्रभारी कप्तान सिंह मय टीम शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कामधेनु सर्किल, उनियारा के आगे नैनवां रोड पर मुखबिर की सूचना के आधार पर काले रंग की एक स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच की।

## गृहमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में महिला कंटेंट क्रिएटर गिरफ्तार

**मालदा।** मालदा के चांचल क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर बड़ा विवाद सामने आया। गृह मंत्री के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक व अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को महिला कंटेंट क्रिएटर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित की पहचान मुसु यासमीन के रूप में हुई है। कार्रवाई भाजपा की शिकायत के आधार पर 12 घंटे के भीतर की गई। भाजपा नेताओं का आरोप है कि मुसु यासमीन लंबे समय से सोशल मीडिया पर राष्ट्रवाद व हिंदुत्व विरोधी वीडियो पोस्ट करती रही हैं।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की तारीफ की

**मुंबई।** एनसीपी (एससीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में हुए बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद भी किया। शरद पवार की पार्टी NCP के NDA में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें भी हैं। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच कई समझौतों और ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

# देश की जनसंख्या नहीं, जनकल्याण भावना अहमः प्रधानमंत्री मोदी

### दुनिया को विकास के नए मॉडल दे रहा भारत

ऑकलैंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी न्यूजीलैंड यात्रा को 'ऐतिहासिक' करार दिया है। शनिवार को ऑकलैंड में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया, जिसे पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों में एक 'ऐतिहासिक मील का पत्थर' बताया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का इतनी कम अवधि में समझौते को पूरा करने के लिए आभार व्यक्त किया।

पीएम मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने करीब तीन दशक पुराना किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा- 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था, तब मुझे यहां आने का मौका मिला था।



उस समय मुझे किसी ने गिफ्ट में 3 चीजें दीं, जो मैं भारत लेकर गया। एक- मफलर, दूसरी- कैप और तीसरा- एक सेट दस्ताना। उसमें भी एक चीज मैं अभी यहां इस कार्यक्रम में भी लेकर आया हूं।

इस मफलर को मैंने कई बार इस्तेमाल किया और आज भी संभाल कर रखा है।

पीएम ने आगे कहा कि हमारे लिए सामने वाले देश की जनसंख्या नहीं, जनकल्याण की भावना मायने रखती है। और इसलिए हमने न्यूजीलैंड से भी बहुत कुछ सीखा है और अब भी सीख रहे हैं।

### ये कोलेब का जमाना है, दोनों देश साथ

अगर हम कंटेंट क्रिएटर्स की भाषा में बात करें तो ये कोलेब का जमाना है। दोनों देश स्पोर्ट्स में भी बहुत शानदार कोलेब कर सकते हैं। रग्बी इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। भारत रग्बी में न्यूजीलैंड से सीखना चाहता है। हमें कोच चाहिए, एक्सपर्ट चाहिए। न्यूजीलैंड हमारी बहुत मदद कर सकता है। भारत और न्यूजीलैंड का भविष्य जुड़ा है। स्पेस से सेक्टर इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। भारत का चंद्रयान जब मून के साउथ पोल पर लैंड किया तो न्यूजीलैंड नाच रहा था। उस दिन हमें गर्व हुआ। यहां की स्पेस कंपनियों ने कई बार हमारे साथ मिलकर काम किया है।

हजारों किमी दूर रहते हुए भी आपके दिल के किसी कोने में कहीं न कहीं हिंदुस्तान बसता ही है। शरीर यहां होगा मन भारत में होगा। इसलिए आप भारत की हर उपलब्धि पर भी नजर रखते हैं।

### न्यूजीलैंड पीएम बोले- भारत कितना एनर्जेटिक है, यहां दिखता है

न्यूजीलैंड पीएम ने कहा- कई सालों तक लोग कहते थे कि दोनों देशों के बीच FTA नहीं हो सकता। लेकिन मैंने और पीएम मोदी ने यह करके दिखाया। हमें भारतीयों की उर्जा देखने के लिए दिल्ली-मुंबई जाने की जरूरत नहीं है। वह एनर्जी आज यहीं पर है। मैंने देखा है कि भारतीय कितनी मेहनत करते हैं आगे बढ़ने के लिए। एक साथ दो-दो, तीन-तीन नौकरियां करते हैं।

# वियतनाम में टूरिस्ट बोट पलटी, 15 भारतीयों की मौत

वियतनाम



वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को बोट पलट गई। हादसे में 2 महिलाओं समेत 15 भारतीयों की मौत हो गई। मरने वालों में 10 टूरिस्ट तमिलनाडु, 3 आंध्र प्रदेश और 2 केरलम् से थे।

बोट पर कुल 4 क्रू मेंबर्स समेत 36 लोग सवार थे, जिसमें 32 भारतीय थे। 21 लोगों को बचा लिया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हादसा सुबह 10:30 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे की वजह समुद्र की ऊंची लहरें हो सकती हैं।

जो वीडियो सामने आए, उनमें लहरें उठती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि टूरिस्ट लाइफ जैकेट नहीं पहने हुए थे। नाव जब पलटी तो टूरिस्ट नाव के नीचे फंस गए।

**हादसे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने दुख जताया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत का दूतावास और वाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद पहुंचा रहे हैं। भारतीय अधिकारी वियतनाम के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस हादसे से वह बेहद दुखी हैं। राष्ट्रपति ने परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं।

बोट भारतीय पर्यटकों को फु क्वोक द्वीप के पास स्थित 'होन मे रुट' से न्गोआई द्वीप घुमाने ले जा रही थी, लेकिन यह तट से लगभग 400 मीटर पहले ही पलट गई।

न्गोआई द्वीप अपने साफ समुद्र, छोटे बीच और कोरल रीफ डाइविंग के लिए मशहूर है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर एन थोई बंदरगाह से बोट या स्पीडबोट किराये पर लेते हैं।

**तमिलनाडु के सीएम ने पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने को कहा**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को जान गंवाने वाले तमिल लोगों के पार्थिव शरीर भारत लाने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# रेप के आरोपी ने जमानत मिलते ही 6 हत्याएं कीं

तेलंगाना

तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने शुक्रवार रात जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की। इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीड़ित, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लड़की ने 16 मई को पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था।



लड़की के मामा नरेश ने बताया, उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर POCSO के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा। मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया गया।

उसके परिवार को पता था कि वह कहां है, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। घटना के 20 दिन बाद हमने उन्हें फिर से बताया कि वह घूम रहा है और कह रहा है कि वह लड़की को मार डालेगा।

उन्होंने कहा कि वे उसे ढूंढ रहे हैं। मामला दर्ज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही वह जमानत पर बाहर आ गया था। उसने रिश्वत दी थी और मामला दबा दिया गया। अब उसने लड़की की हत्या कर दी है और यह सब पुलिस की लापरवाही की वजह से हुआ है।

# नरोत्तम का टिकट कटने पर हिंसा, 27 नेताओं पर एफआईआर

### पूर्व गृहमंत्री बोले- किसी बड़े लीडर का फोन नहीं आया; ष्टरूहाउस से खाली हाथ लौटना पड़ा

दतिया

मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को चुनाव होना है। यहां से भाजपा ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। शुक्रवार शाम यह खबर फैलते ही एमपी के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थक भड़क गए। उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कुछ देर में पथराव, चक्काजाम और पुलिस से झड़प शुरू हो गई। शनिवार सुबह प्रशासन ने पूरे जिले में क्चहस्स् की धारा 163 लागू कर दी। इसके तहत बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर भी रोक लगा दी गई है।



प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के भीतर चल रही नाराजगी पर कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन सभी कार्यकर्ताओं से संवाद कर मतभेद दूर करेगा। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी भारी मतों से जीतेंगे।

शनिवार सुबह प्रशासन ने पूरे जिले में BNSS की धारा 163 लागू कर दी। बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही 5 या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर भी रोक लगा दी गई है। कोतवाली पुलिस ने 27 बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर स्न्ढ्ढक्र दर्ज की है।

टिकट कटने के बाद पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ष्टरू हाउस पहुंचे। मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में हाई लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में दतिया जिताने की बात पर सहमति बनी। नरोत्तम मिश्रा CM हाउस से लौट आए हैं।

## ईरानी सुप्रीम लीडर बोले-पिता खामेनेई की मौत का बदला लेंगे

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद पहली बार संदेश जारी किया। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा- 'मैं अपने पिता के बेगुनाह खून का बदला जरूर लूंगा,यह ही हमारे देश की भी इच्छा है।'

मुजतबा ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए लाखों लोगों का आभार जताया और अपने पिता को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि लोगों की भारी मौजूदगी ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया और यह एक ऐतिहासिक पल था।

### ट्रम्प बोले- ईरान पर 1000 मिसाइलें तानीं, मुझे मारने की कोशिश की तो तबाह कर देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा कि ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।

# आईएनएस महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल

विशाखापत्तनम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल (कमीशन) किया। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17ए की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

आईएनएस महेंद्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से





लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला करने में सक्षम है। यह हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

झराजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियों के समूह के साथ 'ड्रोन सिटी' विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सूरत 'डायमंड सिटी' और बेंगलुरु 'सिलिकॉन वैली' के नाम से जाना जाता है, उसी तरह आने वाले समय में कुरनूल देश का ड्रोन हब बनेगा।

**75% से ज्यादा स्वदेशी तकनीकः** इसे भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने तैयार किया है। युद्धपोत में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देशभर की कई MSME कंपनियों ने भी योगदान दिया है, जिससे रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

## राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने से बढ़ने लगा पारा

### 15 जुलाई से मानसून के फिर से तेजी पकड़ने की उम्मीद

जयपुर

राजस्थान में मानसून की रफ्तार अब कमजोर हो गई। इससे पारे में उछाल आने लगा है। तीन शहरों का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। प्रदेश में श्रीगंगानगर सबसे गर्म रहा। इसके अलावा फलौदी और जैसलमेर का दिन का पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। अब 15 जुलाई से मानसून के फिर से तेजी पकड़ने की उम्मीद है।

राजस्थान के 24 जिले ऐसे हैं, जहां सामान्य या कम बारिश हुई। कम बारिश के कारण 34 जिले खरीफ की बुआई में पिछड़ गए हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल अब तक 30 प्रतिशत बुआई कम हुई है।

शनिवार को उत्तरी व पूर्वी भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई। शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह कमजोर मानसून परिस्थितियां रहने की प्रबल संभावना है।

सड़क तंत्र, रेल नेटवर्क और नए एयरपोर्ट्स से विकास की नई उड़ान भर रहा राजस्थान,

# किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकासः मुख्यमंत्री

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और अगली पीढ़ी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमारी डबल इंजन सरकार धरातल पर काम कर आमजन के जीवन को सुगम बना रही है। रोडमैप बनाकर पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिसका असर धरातल पर दिख रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को अजमेर के केकड़ी में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग





49 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का विकास करवाया गया है। साथ ही, 18 हजार किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण के कार्य हुए हैं। वहीं, रेल नेटवर्क को विकसित करने के साथ ही नए एयरपोर्ट्स के जरिये प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है। उन्होंने कहा कि पानी प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राज्य सरकार ने प्रमुख जल परियोजनाओं पर फोकस करते हुए हर व्यक्ति तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। इसी क्रम में राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर प्रमुखता से कार्य करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चार प्रमुख जातियों किसान, मजदूर, महिला और युवा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया, जिसे आने वाले समय में 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा। वहीं, किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के साथ ही बिलों में अनुदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के जरिये पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 22 लाख से अधिक बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 78 हजार पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं तथा 1 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

# राममंदिर चढ़ावा चोरीः रिटायर आईएएस बनेगा सीईओ, 3 साल के लिए नियुक्ति

### नृपेंद्र मिश्रा बोले- चढ़ावा चोरी कलंक, छोटापन महसूस कर रहा

अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शनिवार को कहा- 'यह एक तरह का कलंक है। इसका हम सभी को सिर्फ खेद ही नहीं है, बल्कि हम खुद को छोटा महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि व्यवस्था में सुधार होगा और इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। उन्होंने कहा- एक हाईलेवल समिति बनाई गई है। संभवतः जज उसके अध्यक्ष हैं। वे अपना निर्णय और संस्तुति ट्रस्ट को देंगे। ट्रस्ट उस पर विचार करेगा।

नृपेंद्र मिश्रा राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक में हिस्सा लेने शनिवार को रामकथा संग्रहालय पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार को राम मंदिर परिसर में हुई बैठक में ट्रस्ट का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था।

वहीं, श्रीराम मंदिर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर बड़ी खबर है। चयन समिति की ओर से बताया गया है कि सीईओ ऐसा रिटायर्ड आईएएस या उसके समकक्ष अधिकारी होगा, जो कम से कम 20 साल सरकारी सेवा में रहा हो। इसके अलावा उसे किसी मंदिर के संचालन का अनुभव रहा हो। ये नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। बाद में ट्रस्ट बोर्ड कार्यकाल बढ़ा भी सकता है। सीईओ को अयोध्या में ही रहना होगा। आवेदन ई-मेल से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अलग ई-मेल आईडी होगी जारी।

इधर, गोरखपुर में शुक्रवार रात सपा नेता अरविंद उपेंद्र दत्त शुक्ला ने पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम नाम जपना, श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया दान अपना।' 'रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलयुग आएगा, चोर करेगा मंदिर में चोरी, चौकीदार देखता रह जाएगा।'

रायबरेली में विश्व हिंदू रक्षा परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने सपा पर पलटवार करते हुए पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम मंदिर के चंदे पर सवाल, आतंकवाद के चंदे पर खामोशी? प्रभु राम हमारी आस्था हैं, राजनीति का हथियार नहीं।

## जलवायु परिवर्तन का दोहरा प्रहार : भारत में बाढ़, यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ हीटवेव

नई दिल्ली (एजेंसी)। जहां एक ओर भारत के कई इलाकों में मॉनसून की भारी बारिश ने बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं, वहीं पश्चिमी यूरोप भीषण गर्मी की रिकॉर्ड तोड़ लहरों से जूझ रहा है। यूरोपीय संघ की जलवायु निगरानी एजेंसी ने पुष्टि की है कि पिछले महीने पश्चिमी यूरोप में अब तक का सबसे गर्म जून दर्ज किया गया। इस दौरान औसत तापमान 20.74 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो 1991 से 2020 के सामान्य तापमान से तीन डिग्री अधिक था, जिसने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यूरोप महाद्वीप लगातार और अधिक तीव्र गर्मी का सामना कर रहा है, और इस सप्ताह भी एक और हीटवेव जारी है। ईसीएमडब्ल्यूएफ ने चेतावनी दी है कि एक गर्म होती दुनिया में हीटवेव और ज्यादा आएंगी, वे लंबे समय तक चलेंगी और व्यापक भौगोलिक क्षेत्रों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की कोई समस्या नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी की एक ठोस और परेशान करने वाली सच्चाई है। इन भीषण गर्मी की लहरों के चलते पूरे यूरोप में हजारों मौतें हुई हैं, जिसमें फ्रांस, स्पेन और बेल्जियम में सर्वाधिक जानें गई हैं। जून की 15 से 30 तारीख के बीच लगभग 41 करोड़ लोगों ने अत्यधिक तापमान का सामना किया। बर्गेस के अनुसार, यूरोप को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नई और प्रभावी योजनाओं पर तत्काल काम करना होगा।

## गर्भवती निदा खान को जमानत, कोर्ट ने किया श्रीकृष्ण जन्म का जिक्र

नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले की आरोपी पूर्व टीसीएस कर्मचारी निदा खान को अदालत ने जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि निदा पांच महीने की गर्भवती हैं, और जेल में बच्चे को जन्म देने का मानसिक आघात किसी भी महिला के लिए असहनीय होता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने अपने फैसले में भगवान श्रीकृष्ण के जेल में जन्म का विशेष उल्लेख किया। न्यायाधीश जोशी ने नवजात के भविष्य और मां की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखकर आरोपी को जमानत देना उचित समझा। अदालत ने माना कि मामले की जांच पूरी हो चुकी है और आरोप पत्र दाखिल हो गया है, इसलिए अब आरोपी को जेल में रखने की आवश्यकता नहीं है। निदा को 7 मई को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी से पहले वह लगभग 25 दिनों से फरार थीं। उन पर अपनी एक सहकर्मी पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव डालने और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने का आरोप है।

## मथुरा की ऐतिहासिक जामा मस्जिद का गुंबद का हिस्सा गिरा

मथुरा (एजेंसी)। चौक बाजार स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाज के दौरान गुंबद का एक हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया। राहत की बात यह रही कि गिरा हुआ मलबा मस्जिद की ऊपरी छत पर ही आकर रुक गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के समय मस्जिद में नमाज अदा की जा रही थी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया।

## झारखंड में एसआईआर फॉर्म के नाम पर वसूली, मतदाताओं में बढ़ी चिंता

रांची (एजेंसी)। झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के फॉर्म उपलब्ध कराने और भरवाने के नाम पर लोगों से सैकड़ों रुपये वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने की खबरों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में डर तथा असमंजस का माहौल बना हुआ है। जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग इसे ठगी के माध्यम से कमाई का जरिया बना रहे हैं। कई स्थानों पर स्वयं को एजेंट या सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले लोग मतदाताओं से फार्म के नाम पर पैसे की मांग कर रहे हैं। यदि उन्होंने समय पर फॉर्म नहीं भरा या आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए। ऐसी स्थिति में उनका नाम मतदाता सूची से हट सकता है। लोगों में भय फैला है। मतदाता सूची में नाम नहीं रहने से उनकी नागरिकता पर सवाल उठ सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ बंद हो सकता है। इसी भय का लाभ उठाकर ठगी की घटनाएं बढ़ने की बात कही जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है,वह अधिकृत अधिकारियों या चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ से फार्म प्राप्त करें। निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन करें। किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक राशि न दें। कहीं भी अवैध वसूली या ठगी की शिकायत मिले, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित प्रशासनिक और चुनावी अधिकारियों को दें।

## यूपी में किसानों के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य- नहीं बनवाने पर रुकेगा सरकारी लाभ

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों किसानों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसके तहत सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य किया गया है। इसके बिना किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। इसका उद्देश्य हर किसान का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर योग्य किसानों तक मदद पहुंचाना और फर्जीवाड़े को रोकना है। यह फार्मर आईडी किसानों का विस्तृत डिजिटल डेटाबेस है, जो आधार कार्ड की तर्ज पर काम करेगा। इस 12 अंकों की विशेष आईडी में किसान का नाम, उसकी जोत का पूरा विवरण, खतौनी संबंधी जानकारी और बोई गई फसल का रिकॉर्ड एक ही स्थान पर ऑनलाइन दर्ज होगा। इस प्रणाली से कृषि योजनाओं में पूरी पारदर्शिता लाने का प्रयास हो रहा है। आईडी बनने के बाद, किसानों को खाद, बीज या अन्य सरकारी सहायता के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने और दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी। केवल फार्मर आईडी स्कैन करके मिनटों में सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा सकेंगी, जिससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बचने वाले है। यह पहचान पत्र न होने की स्थिति में मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल बेचने के लिए आवश्यक पंजीकरण भी नहीं हो सकेगा। किसान स्वयं सरकारी वेबसाइट पर जाकर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर महज 20 से 50 रुपये का शुल्क देकर भी अपनी ई-केवाईसी और फार्मर आईडी बनवाने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने अपने देश लौटने का किया ऐलान

# वे मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, मार भी सकते हैं, लेकिन फिर भी मैं वापस लौटूंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने अपने देश लौटने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वे मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, मुझे मार भी सकते हैं, लेकिन फिर भी मैं लौटूंगी। उन्होंने कहा कि वह दिसंबर-2026 के आसपास बांग्लादेश वापस जाएंगी और कोर्ट में सरेंडर करेंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक करीब एक घंटे के टेलीफोन इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि उन्हें अपनी जान का खतरा पता है, लेकिन यह भी पता है कि अब उनके अपने देश लौटने का समय आ गया है। शेख हसीना ने भावुक होते हुए कहा कि अगर उनकी मौत होती है तो वह अपने देश की मिट्टी पर हो, जहां उनके माता-पिता दफन हैं। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर जबरदस्त दमन हो रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना और उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिसंबर के आसपास भारत में अपने निर्वासन से वापस लौटने और सरेंडर करने की योजना बना रहे हैं। दक्षिण एशियाई देश की सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहीं इस शेख हसीना ने कहा कि वह और उनकी अवामी लीग के सदस्य स्वेच्छा से उस देश लौटना चाहते हैं। देश लौटने के बाद अपने सहयोगियों के साथ मिलकर शेख हसीना कोर्ट के सामने सरेंडर कर सकती हैं। उन्हें बांग्लादेश की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। वहीं शेख हसीना की अवामी लीग पर चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस साल हुए संसदीय चुनाव में शेख हसीना की पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। बता दें दो साल पहले बांग्लादेश और अपना पद छोड़कर भारत शेख हसीना भारत आ गई थीं अब कोर्ट में पेश होना चाहती हैं।

शेख हसीना ने गुरुवार देर रात एक मीडिया से करीब एक घंटे तक टेलीफोन पर बात की। उन्होंने कहा मेरे लौटने पर वे मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, यहां तक कि मेरी हत्या भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा फिर भी मुझे जाना ही है। शेख हसीना अगर बांग्लादेश लौटती हैं तो इस साल पीएम बने तारिक रहमान के लिए उन्हें संभालना आसान नहीं होगा। इस साल हुए चुनाव से साफ हो गया है कि शेख हसीना के पास अभी भी देश में भारी समर्थन है। तारिक रहमान करीब दो सालों के अंतरिम सरकार के बाद अब देश में स्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन शेख हसीना के लौटने से उनके समर्थकों में फिर से जोश आ सकता है और वह एक बार फिर से देश की राजनीति पर हावी हो सकती हैं। शेख हसीना को गिरफ्तार करना भी उनके लिए आसान नहीं होगा।

शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। तारिक रहमान की सरकार शेख हसीना की प्रत्यर्पण की कोशिशें कर रही हैं लेकिन भारत सरकार उन्हें प्रत्यर्पित करेगी इसकी संभावना कम ही है। उन्होंने कहा ढाका के अधिकारी मुझे भारत से वापस ले



जाना चाहते हैं। वह लगातार भारत सरकार को चिट्ठियां लिख रहे हैं जिसमें वह मेरे प्रत्यर्पण की मांग कर रहे हैं। यह पहली बार है जब उन्होंने अपनी वापसी के लिए कोई समय-सीमा बताई है और कहा है कि वह आत्मसमर्पण करने की योजना बना रही हैं या अवामी लीग के अन्य निर्वासित नेता ऐसा करेंगे। इनमें पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल भी शामिल हैं जिन्हें मौत की सजा का सामना करना पड़ रहा है।

## हिमाचल में आफत की बारिश, लोहे का बेली ब्रिज पानी में डूबा, घरों में भरा पानी

शिमला (एजेंसी)। शिमला और राज्य के कई हिस्सों में फिर बारिश हुई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक गुरुवार को बारिश की वजह से 75 सड़कें बंद हो गईं थीं। बिजली वितरण के 29 ट्रांसफॉर्मर प्रभावित हुए और पानी की सप्लाई की पांच योजनाएं बाधित हुईं। आईएमडी के मुताबिक शुक्रवार को शिमला और सिरमौर में भारी बारिश का अनुमान है, जबकि सोलन में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। कुल्लू, मंडी, किन्नौर, हमीरपुर और चंबा में मध्यम बारिश; कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर में हल्की से मध्यम बारिश; और लाहौल-स्पीति में हल्की बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ घंटों तक शिमला में हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ कहीं-कहीं तेज बारिश का दौर जारी रहने की बहुत संभावना है, जिसके बाद बारिश धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। किन्नौर जिले के पूह उपमंडल के लिप्पा में वीरवार सुबह बारिश के बाद पेजर नाले में बाढ़ के साथ आए मलबे से तेती खड्ड का बहाव रुक गया। इससे लिप्पा गांव को जोड़ने वाला करीब 100 फीट लंबा लोहे का बेली ब्रिज पानी में डूब गया। पुल बंद होने से सड़क संपर्क बाधित हुआ। पुल के समीप 12 मकानों तक बाढ़ का पानी पहुंचने से 13 परिवार प्रभावित हुए। प्रशासन ने इन्हें जीरा फार्म में शिफ्ट कर भोजन की व्यवस्था की। मलिंग नाला के समीप भूस्खलन से रामपुर-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। शिमला के अंतर्गत आकलैंड में डंगा गिरने से पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वीरवार सुबह चंडीगढ़-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुमारहट्टी के समीप, परवाणू से कंडाघाट तक जगह-जगह पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे। सोलन में वर्षा के बाद सब्जी मंडी में पानी भर गया। चंबा जिले की कीड़ी पंचायत के गांव कपड़ौथा में पहाड़ी से मलबा व पत्थर एक मकान के पीछे गिरे। परिवार ने भाग कर जान बचाई और रात रिश्तेदारों के घर बिताई, जिसके बाद प्रशासन ने उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया।

# टीएमसी के तीन पूर्व राज्यसभा सांसदों ने थामा बीजेपी का दामन



### -पार्टी ने तीनों को राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव में बनाया उम्मीदवार

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक बीजेपी में शामिल हो गए। बीजेपी ने तीनों को बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। तीनों ने ममता से नाराजगी जताई थी और कहा था कि पार्टी मनमाने ढंग से चल रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुखेंदु राय ने 8 जून, सुष्मिता ने 10 जून और प्रकाश ने 11 जून को रिजाइन दिया था। बंगाल की इन तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 24 जुलाई को मतदान और मतगणना होगी। 14 जुलाई नामांकन दाखिल होगा और नामांकन पत्रों की जांच 15 जुलाई को होगी।

सुखेंदु रॉय ने कहा कि आरजी कर रेप-मर्डर केस में सबूतों से छेड़छाड़ का मुद्दा उठाने के बाद मुझे जान से मारने और परिवार के अपहरण की धमकियां मिलने लगीं। पुलिस आयुक्त और अस्पताल के प्रिंसिपल से पूछताछ की मांग करने के बाद उन्हें लालबाजार पुलिस मुख्यालय भी बुलाया गया। खराब तबीयत के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई, जिसके बाद उन्हें हाईकोर्ट जाना पड़ा।

सुष्मिता देव ने बताया कि पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा और त्रिपुरा में बीजेपी की जीत से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लोगों का भरोसा दिखता है। असम में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनना इसकी बड़ी मिसाल है। महुआ मोइत्रा को कोई दूसरी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती, इसलिए वह टीएमसी में हैं।

टीएमसी सांसद सौगत रॉय तीनों नेता पहले से ही बीजेपी के साथ थे। अब अपनी सीट बचाने के लिए बीजेपी ने उन्हें मौका दिया है। इससे टीएमसी को कोई नुकसान नहीं होगा। बीजेपी को भी इससे कोई खास फायदा नहीं मिलेगा, क्योंकि दल बदलने वाले नेताओं की ज्यादा अहमियत नहीं होती है।

# करूर भगदड़ में मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की सरकार को मिली मंजूरी

### -मद्रास हाईकोर्ट ने कहा-ये नियुक्तियां अस्थायी होंगी इन पर न्यायिक समीक्षा लागू होगी

**चेन्नई (एजेंसी)।** करूर भगदड़ मामले में तमिलनाडु सरकार को राहत मिल गई है। अब करूर भगदड़ में मृतकों के परिजनों को विजय सरकार सरकारी नौकरी दे सकेगी। इसकी मद्रास हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा कि ये नियुक्तियां अस्थायी होंगी और इन पर न्यायिक समीक्षा लागू होगी। मदुरै बेंच के जस्टिस सीवी कार्तिकेयन और जस्टिस आर शक्तिवेल की डिवीज़न बेंच ने कहा कि सरकार के नीतिगत फैसले में कोर्ट का दखल देना 'बहुत संकीर्ण सोच; होगी। हालांकि, बेंच ने कहा कि वह इस बात की जांच करेगी कि क्या सार्वजनिक त्रासदियों के पीड़ितों को दी जाने वाली नौकरियों के लिए कोई एक समान सरकारी नीति हुए बिना ऐसी नियुक्तियां की जा सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़ितों के परिवारों को नियुक्ति पत्र देने के लिए एक सार्वजनिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की भी इजाजत दे दी। रिपोर्ट के मुताबिक हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस शर्त पर कार्यक्रम





आगे बढ़ा सकती है कि नौकरी अस्थायी आधार पर होगी और उस पर न्यायिक समीक्षा लागू होगी। हमारी योजना है कि इस महीने के आखिर तक, यानी नौकरी पाने वालों को पहली सैलरी मिलने से पहले, इस मामले की सुनवाई कर ली जाए।

इस बीच तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय शुक्रवार को करूर में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र और कल्याणकारी सहायता प्रदान करेंगे। सीएम विजय अपने दौरे के दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे और कई आधिकारिक सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।सीएम विजय शुक्रवार सुबह हवाई मार्ग से चेन्नई से रवाना हुए और उनके तिरुचिरापल्ली (तिरुची) हवाई अड्डे पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से करूर जाएंगे। उनके स्वागत के लिए पूरे मार्ग पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां की। विजय करीब 10 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इसके बाद वह वहां आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल बनाया गया। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री कुछ समय के लिए सरकारी पर्यटक गृह में रुकेंगे और फिर एक आधिकारिक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करूर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान सीएम विजय करूर भगदड़ में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के पात्र सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति के तहत सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। अनुकंपा नियुक्तियां राज्य सरकार द्वारा राहत और पुनर्वास उपायों के तहत दी जा रही हैं, जिनका उद्देश्य शोकाकुल परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में वितरित की जाने वाली कल्याणकारी सहायता में विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ शामिल हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का मोदी सरकार पर हमला : चीन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कब्जा, आत्मनिर्भर भारत फेल

नई दिल्ली( एजेंसी )। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि गलवान घाटी की घटना के बाद केंद्र सरकार ने चीन के प्रति नरम रुख अपनाया, जिसके कारण कई महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्रों में भारत की चीन पर निर्भरता बढ़ी है तथा राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचा है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर यह भी दावा किया कि वर्ष 2020 में हुई गलवान की घटना के बाद वर्ष 2025-26 तक चीन से भारत का आयात 101.81 प्रतिशत बढ़ गया और दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 112.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया, छह वर्ष पहले गलवान में 20 भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन को क्लीन चिट दे दी थी। भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया, लेकिन केंद्र सरकार ने भारत के हितों के समक्ष चीन के प्रति नरम रुख अपनाया। खरगे ने कहा कि भारत के एंटीबायोटिक आयात का 86 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। उनके अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में भारत के 66 प्रतिशत पुर्जों का आयात चीन से होता है, जबकि भारतीय ईवी में इस्तेमाल होने वाली लगभग 75 प्रतिशत लिथियम-आयन बैटरियां आयातित हैं और इनमें अधिकतर चीन से आती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत की निर्भरता चीन पर बनी हुई है। खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अब चार चीनी कंपनियों को सरकारी बिजली परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देकर चीन के लिए और अवसर खोल दिए हैं।

# राजस्थान में यूसीसी लागू करने की तैयारी, जनता से मांगे जा रहे सुझाव

### राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस सिर्फ विरोध करती

**जयपुर (एजेंसी)।** उत्तराखंड और गुजरात के बाद, अब राजस्थान भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी जोर-शोर से शुरु हो गई है। राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार ने प्रस्तावित कानून के मसौदे को बेहतर बनाने के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित करना शुरू किया है। यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए गठित उच्च-स्तरीय समिति ने इस उद्देश्य से ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है और लोगों से बातचीत के माध्यम से 19 महत्वपूर्ण सवालों पर राय मांगी है। यह कदम राज्य में एक समान नागरिक संहिता लागू करने की मंशा को दिखाता है।

राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बड़ा बयान देकर कहा कि राजस्थान में भी यूसीसी लाने की तैयारी जोरों पर है। उन्होंने बताया कि पार्टी उन





राज्यों के मौजूदा ड्राफ्ट का अध्ययन कर रही है, जहाँ यूसीसी पर काम हो चुका है, साथ ही जनता से बहुमूल्य सुझाव लिए जा रहे हैं। राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल विरोध करने के लिए विरोध कर रहा है और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई रचनात्मक सुझाव नहीं दे रहा है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि राजस्थान में यूसीसी जल्द ही लागू किया जाएगा। जनता की राय को शामिल करते हुए, यूसीसी का ड्राफ्ट बिल राजस्थान विधानसभा के अगले सत्र में पेश होने की उम्मीद है। जिन प्रमुख प्रस्तावों पर विचार हो रहा है, उसमें लिव-इन रिलेशनशिप का अनिवार्य पंजीकरण एक अहम मुद्दा है। समिति ने लोगों से राय मांगी है कि क्या लिव-इन रिलेशनशिप समाप्त होने पर तलाक से जुड़े कानूनी नियम लागू होने चाहिए। सवालों की विस्तृत सूची में विवाह, तलाक, विरासत और संपत्ति के अधिकारों से संबंधित कई बिंदु शामिल हैं, जिसमें लिव-इन रिलेशनशिप पर विशेष जोर दिया गया है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस इस विषय पर कोई सुझाव नहीं दे रही है।

# ममता का बीजेपी को कड़ा संदेश : मुझे मारकर ही चुप कराया जा सकता

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला किया है। वीडियो संदेश जारी कर उन्होंने सीधे चुनौती दी कि अगर भाजपा उन्हें चुप कराना चाहती है, तब उन्हें उनकी जान लेनी होगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार टीएमसी नेताओं को परेशान कर रही है और उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि उनकी आवाज दबाने के लिए हर संभव प्रयास हो रहा है, लेकिन वह डरने वाली नहीं हैं।

ममता का वीडियो टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में ममता ने महुआ मोइत्रा, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे बड़े नेताओं को निशाना बनाने की बात



कही। उन्होंने दावा किया कि उनके घर तक पर हमला हुआ। हिरासत में लिए गए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार का जिक्र कर ममता ने आरोप लगाया कि उन्हें जमीन पर सोने, कमर में रस्सी बांधकर और पैरों में बेड़ियां डालकर घुमाया जा रहा है, और कुछ का सिर मुंडवा दिया गया।

ममता ने पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग टीएमसी में रहने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन काम भाजपा के लिए कर रहे हैं। उन्होंने इसतरह के नेताओं को स्पष्ट फैसला करने को कहा या वे टीएमसी के साथ रहें या खुलकर भाजपा में शामिल हो जाएं, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं को गुमराह न करें।

यह बयान तब आया है जब टीएमसी छोड़कर गए तीन पूर्व सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रॉय और प्रकाश चिक बराइक हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं और उन्हें पश्चिम बंगाल की 3 राज्यसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। 24 जुलाई को होने वाले इन उपचुनावों में भाजपा मजबूत स्थिति में दिख रही है, जिससे टीएमसी को लगातार झटके लग रहे हैं।

# अमेरिका के ईरान पर ताजा हमलों से भारत-चीन को भी लगा तगड़ा झटका

### -शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को पहुंचा नुकसान, चीन को जोड़ने वाला पुल भी टूटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के ईरान पर किए गए नए सैन्य हमलों ने न केवल मध्य पूर्व की अस्थिरता बढ़ा दी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था खासकर भारत और चीन जैसे प्रमुख एशियाई देशों के निवेश और हित को झटका दिया है। अमेरिका की ओर से ईरान के चाबहार पोर्ट पर किए गए हमले में शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा है। इस टर्मिनल में भारत ने अरबों का निवेश किया है।

वहीं अमेरिका ने चीन-ईरान को जोड़ने वाले एक रेलवे पुल को भी निशाना बनाया है। यह पुल तेहरान और ईरान के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार, चीन के बीच व्यापार के अहम रास्तों को जोड़ता है। ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी के दौरान रूस को माल भेजने के लिए भी इस रास्ते का इस्तेमाल किया जाता था। ये वो नुकसान हैं, जिससे भारत और चीन के हित जुड़े हुए हैं। इन नुकसान के अलावा अमेरिकी हमले में ईरान को और भी क्षति हुई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को चाबहार में शाहिद बेहेश्ती पोर्ट पर कई अमेरिकी मिसाइलें गिरने से उसे नुकसान पहुंचा है। इससे यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हुआ है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी हमलों में चाबहार का वेसल ट्रैफिक कंट्रोल टावर, कलंतरी पोर्ट और ओमान की खाड़ी में स्थित इस पोर्ट सिटी का बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर भी प्रभावित हुआ है। अमेरिकी हमलों की वजह से शहर के करीब आधे हिस्से में बिजली गुल हो गई। अमेरिकी हमले की वजह से शाहिद बेहेश्ती डॉक पर कई प्रोजेक्टाइल गिरे जिससे बंदरगाह के ढांचे को नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने इस टर्मिनल को विकसित करने के लिए अब तक 120 मिलियन डॉलर का निवेश किया है और पीएम मोदी ने 2016 में इसके लिए 500 मिलियन डॉलर का समझौता किया था। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शाहिद बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल चाबहार के विकास के लिए ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन के साथ समझौता किया था। अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस को जोड़ने वाले एक रणनीतिक रेलवे पुल पर हमला किया। इस पुल को चीन, तुर्कमेनिस्तान और ईरान को जोड़ने वाले रेलवे कॉरिडोर का एक रणनीतिक पॉइंट बताया गया है।

यह पुल तेहरान और ईरान के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार चीन के बीच व्यापार के अहम रास्तों को जोड़ता है। ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी के दौरान रूस को माल भेजने के लिए भी इस रास्ते का इस्तेमाल किया जाता था। इस पुल से होकर गुज़रने वाला रास्ता तुर्कमेनिस्तान और कज़ाकिस्तान से होते हुए चीन तक जाता है। ईरानी रेलवे ने कहा कि मरम्मत करने वाली टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया है जल्द पुल की मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा।



# श्मशान भूमि पर होटल-पेट्रोल पंप आवंटन प्रस्ताव से बढ़ा विवाद, विधायक के बेटे को भूमि आवंटन आवेदन पर उठे सवाल

**ग्राम पंचायत ने श्मशान के लिए भेजा था प्रस्ताव, निर्णय लंबित रहने के बीच निजी आवंटन आवेदन बना चर्चा का विषय**

स्मार्ट हलचल

बनेड़ा भीलवाड़ा-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी ग्राम बेरों की आराजी संख्या 3131/2506 की भूमि को लेकर नया विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस भूमि को ग्राम पंचायत ने श्मशान के लिए आरक्षित किए जाने का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा था, उसी भूमि के एक हिस्से पर विधायक लालाराम बैरवा के बेटे के नाम होटल एवं पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है।

जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि पर लंबे समय से श्मशान होने का दावा किया जाता रहा है। ग्राम पंचायत बेरों ने भी इस भूमि को श्मशान के रूप में आवंटित करने का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा था, लेकिन उस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका। इसी दौरान इसी आराजी के एक हिस्से के निजी उपयोग के लिए होटल एवं पेट्रोल पंप स्थापना का आवेदन सामने आने से विवाद गहरा गया। पटवारी द्वारा तहसीलदार को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार आराजी संख्या 3131/2506 का कुल रकबा 0.5347 हेक्टेयर है। रिपोर्ट में भूमि को होटल एवं पेट्रोल पंप स्थापना के लिए उपयुक्त बताया गया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत की ओर से इसी भूमि को श्मशान के लिए आवंटित करने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका था, जिस पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ।





श्मशान भूमि का लगा बोर्ड।


CHINAR GROUP

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भूमि भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे से सटी हुई है तथा रेलवे लाइन से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। सड़क सीमा में आने वाले हिस्से को छोड़कर शेष भूमि को आवंटन योग्य माना गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह भूमि वर्षों से श्मशान के रूप में उपयोग में रही है और पंचायत ने भी इसके लिए प्रस्ताव पारित किया था, तो ऐसे में निजी उपयोग के लिए आवंटन की प्रक्रिया कई सवाल खड़े करती है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि सार्वजनिक उपयोग के लिए प्रस्तावित भूमि पर निजी आवंटन का आवेदन किन परिस्थितियों में स्वीकार किया गया।

# नमो उद्यान के ओपन जिम मामले में नगर पालिका की सफाई, ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी

**घटिया उपकरणों के कारण रोका गया भुगतान, नई निविदा जारी कर लगाए जाएंगे ओपन जिम उपकरण**


कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (भीलवाड़ा)

प्रेस नोट

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** नमो उद्यान में करीब 9 लाख रुपये के ओपन जिम उपकरण गायब होने संबंधी समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका मंडल जहाजपुर ने प्रेस नोट जारी कर अपना पक्ष रखा है। पालिका का कहना है कि उद्यान में आमजन के स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए ओपन जिम स्थापित करने का कार्य एक फर्म को कार्यादेश के माध्यम से सौंपा गया था।

प्रेस नोट के अनुसार, फर्म द्वारा लगाए गए ओपन जिम उपकरण टेंडर की शर्तों एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए गए। इस कारण नगर पालिका ने कार्य का भुगतान रोक दिया और गुणवत्तापूर्ण सामग्री स्थापित करने के निर्देश दिए। निर्धारित शर्तों की पालना नहीं होने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध टेंडर निरस्त करने एवं ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन बताई गई है।

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य के लिए अब तक न तो किसी प्रकार का भुगतान किया गया है और न ही कोई बिल भुगतान के लिए लंबित है। साथ ही कहा गया है कि आमजन की सुविधा को देखते हुए नमो उद्यान में शीघ्र ही नई निविदा जारी कर गुणवत्तापूर्ण ओपन जिम उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

नगर पालिका का कहना है कि उद्यान को बेहतर सुविधाओं से विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है और भविष्य में मानक गुणवत्ता के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।


## रिटायरमेंट से 21 दिन पहले एसीबी के जाल में फंसे रिको के सीनियर डीजीएम, जूनियर असिस्टेंट भी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

अजमेर/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम में बड़ी ट्रैप कार्रवाई करते हुए अजमेर के सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर (डीजीएम) और ब्यावर के एक जूनियर असिस्टेंट को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी के अनुसार दोनों पर लीज डीड जारी करने के एवज में कुल 85 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने एसीबी से शिकायत की थी कि रीको अधिकारियों द्वारा लीज डीड से संबंधित कार्य करने के बदले रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी जयपुर की टीम ने सुनियोजित तरीके से ट्रैप कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता पहले अजमेर स्थित रीको यूनिट कार्यालय पहुंचा। एसीबी के अनुसार जैसे ही 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि का लेन-देन हुआ, पहले से तैनात टीम ने सीनियर डीजीएम अंजय विश्वकर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान ब्यावर में रीको के जूनियर असिस्टेंट




कमलेश को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। एसीबी के मुताबिक दोनों आरोपियों ने मिलकर लीज डीड जारी करने के बदले कुल 85 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के सत्यापन के बाद अजमेर और ब्यावर में एक साथ ट्रैप कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीजीएम अंजय विश्वकर्मा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे और अपनी सेवानिवृत्ति के मात्र 21 दिन पहले एसीबी के शिकंजे में आ गए। उनकी मूल पदस्थापना किशनगढ़ में है, जबकि उनके पास अजमेर यूनिट का अतिरिक्त प्रभार भी था। फिलहाल एसीबी गिरफ्तार होने वाले दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके कार्यालयों और अन्य संभावित ठिकानों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# एमजी अस्पताल में प्रसूताओं की मौत मामले पर प्रशासन का स्पष्टीकरण, जांच समिति गठित

**जिला कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण, अस्पताल प्रशासन बोला- ऑपरेशन थिएटर संक्रमण से नहीं हुई मौतें**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

महात्मा गांधी चिकित्सालय में हाल ही में हुई मरीजों एवं प्रसूताओं की मौतों को लेकर प्रकाशित समाचारों के बाद जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शनिवार को एमजी अस्पताल का निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली तथा मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए।

महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि जिन पांच मरीजों की मृत्यु हुई, उनकी मौत अलग-अलग गंभीर चिकित्सीय जटिलताओं के कारण हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनमें से फोरी देवी प्रसूता नहीं थीं, बल्कि बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए भर्ती थीं और उनकी मृत्यु हृदयाघात



(मायोकार्डियल इन्फार्क्शन) से हुई।

इसी प्रकार शिमला गुर्जर को गंभीर हालत में गुलाबपुरा उप जिला चिकित्सालय से रेफर किया गया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनका किसी प्रकार का ऑपरेशन नहीं किया गया और उनकी मृत्यु हाइपोवोलेमिक शॉक, तीव्र गैस्ट्रोएंटेराइटिस, सेप्टीसीमिया, आईयूडी एवं एनीमिया जैसी जटिलताओं के कारण हुई।

प्रशासन के अनुसार ईशा पाण्डेय की मृत्यु पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म, दिव्या सेन की मृत्यु सिंड्रोम एवं एक्लेम्प्सिया तथा संगीता जीनगर की मृत्यु प्रसवोत्तर अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई।

अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी मरीज की मृत्यु ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण के कारण नहीं हुई। ऑपरेशन थिएटर नंबर-2 में नियमित प्रक्रिया के तहत माइक्रोबायोलॉजिकल कल्चर कराया गया था। रिपोर्ट में संक्रमण मिलने पर 29 जून से ही संबंधित ऑपरेशन थिएटर को बंद कर दिया गया और तब से उसमें कोई ऑपरेशन नहीं किया गया।

प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल में केवल पांच स्टेराइल सेट होने संबंधी समाचार तथ्यात्मक रूप से गलत है। वर्तमान में अस्पताल में 22 स्टेराइल सेट उपलब्ध हैं तथा प्रतिदिन औसतन 15 से 20 सीजेरियन ऑपरेशन किए जाते हैं।

इस बीच जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण उपचार और संक्रमण नियंत्रण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जांच में किसी स्तर पर कमी या अनियमितता सामने आती है तो उसके अनुसार आवश्यक सुधारात्मक एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 3 करोड रुपए कीमत का 181 कट्टों में भरा अवैध डोडा के किया बरामद

**अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में पुलिस ने पंजाब निवासी दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विधानसभा के प्रागपुरा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान चला रखा है। एसपी सतवीर सिंह ने बताया कि प्रागपुरा थाना पुलिस और साइबर सेल ने सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के पावटा उपखंड में लाडा का बास पर खड़े एक ट्रेलर पर जौ के कट्टो की आड़ में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 3 करोड रुपए कीमत के 3.6 टन वजनी 181 कट्टे में भरा हुआ अवैध डोडा बरामद किया है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ परिवहन करते हुए एक ट्रेलर को भी बरामद किया है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में पुलिस ने निर्मल सिंह उम्र 47 वर्ष थाना सिटी अभोर फाजिल्का पंजाब एवं दूसरे अभियुक्त सुखदेव सिंह उम्र 26 वर्ष पुलिस थाना सिटी फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार किया है। पुलिस अभियुक्तों से तस्करी के नेटवर्क और इससे जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## चलानिया भैरू नाथ से शाहपुरा को रोड हो रहा क्षतिग्रस्त जगह-जगह हो रहे खड्डे

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-शाहपुरा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चलानिया भैरुनाथ जहा पर दूर-दराज से जातरी लोग अपनी पेशी देने व दर्शन करने आते है जिसकी सड़क शाहपुरा से चलानिया तक रास्ते मे जगह-जगह बहुत बड़े खड्डे हो रखे है और साईडे भी खराब हो रखी है जिसके कारण जातरियो को शनिवार-रविवार को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।यह लोग बहुत दूर-दूर से आते है और यहा पर आने-जाने के लिए पूरी तरह से कोई साधन की भी व्यवस्था नही है। गाँव वालों का कहना है कि जल्द से जल्द इस सड़क को सही



किया जाए व चलानिया भैरुनाथ के यहा साइडों की बहुत समस्या है यहा पर जो साधन आते-जाते है तो उनको अपनी गाड़ी को घुमाने व साईड लेने के लिए पर्याप्त जगह नही मिल पाती है इसके लिए भी थोड़ा ध्यान दिया जाए नही तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बेहतर परिवार कल्याण सेवाओं का मिला पुरस्कार, विश्व जनसंख्या दिवस पर भीलवाड़ा को राज्य स्तरीय सम्मान

**जिला कलेक्टर के नेतृत्व में परिवार कल्याण कार्यक्रम में भीलवाड़ा राज्य में द्वितीय स्थान पर**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय वर्चुअल समारोह में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने पर भीलवाड़ा जिले को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान द्वारा आयोजित समारोह में जिले को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि का सम्मान किया गया।

राज्य स्तरीय समारोह में प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्रीमती गायत्री राठौड़, मिशन निदेशक (एनएचएम) डॉ. जोगाराम तथा निदेशक (आरसीएच) डॉ. मधु रतेश्वर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचारों, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए भीलवाड़ा जिले को सम्मानित किया। समारोह में प्रदेशभर के सभी जिलों की वर्चुअल सहभागिता रही।

जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित जिले के सभी चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों, एएनएम एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम से जुड़े सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की निष्ठा, समर्पण, बेहतर समन्वय एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रहेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में परिवार कल्याण सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, जनजागरूकता बढ़ाने तथा आमजन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए पूरी टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जिले के सभी चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों, एएनएम एवं विभागीय कार्मिकों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

एडिशनल सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि इस राज्य स्तरीय सम्मान से जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों में हर्ष का माहौल है।

## सिगरेट नहीं देने पर दुकान संचालक पर किया चाकू से वार, गंभीर घायल



स्मार्ट हलचल | बूंदी

नैनवा रोड अलगोजा होटल के पास आज दोपहर एक चाय की थड़ी पर चाकू बाजी की वारदात हो गई। दुकान संचालक बहादुर मीणा से वहां पर आए रवि भाट और दो युवकों ने सिगरेट मांगी। बहादुर ने जब पैसे देने की बात कही तो रवि नाराज हो गया। बहादुर जब उसे सिगरेट देने गया तो उस पर चाकू से हमलाकर गंभीर घायल कर दिया।

बहादुर के शरीर में कहीं जगह चाकू से वार किया गया आसपास के लोगो ने बीच बचाव कर बहादुर को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। सर्जन डॉक्टर शुभम व्यास ने बताया कि घायल के पेट की आत तक चोट लगी है साथ ही फेफड़ों की ओर भी गहरा घाव हुआ है। छोटे छोटे घाव तो बहुत जगह है खून अत्यधिक बह जाने के कारण ब्लड चढ़ाया जा रहा है। शरीर पर लगभग एक दर्जन से अधिक जगह चाकू से वार किया गया। जिसमें से चार-पांच जगह गंभीर घाव हुए हैं। सूचना मिलने पर डिप्टी अनिल जोशी, सदर थाना अधिकारी भंवर सिंह, मौके पर पहुंचे और घायल से घटना की जानकारी ली।

# ट्रैक्टरों के दौर में भी जिंदा है परंपरा, बैलों से 'हलाई' करने में जुटे अन्नदाता

**मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की बुवाई के बाद खेतों में घुंघरुओं की आवाज संग शुरू हुआ निराई-गुड़ाई का काम; बुजुर्गों की सीख अपनाकर युवा पीढ़ी भी थाम रही हल**

स्मार्ट हलचल | शिव जांगिड़

**लाडपुरा।** मानसून की दस्तक के साथ ही लाडपुरा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के खेतों में एक बार फिर अभूतपूर्व रौनक लौट आई है। इस बार लाडपुरा के खेतों में परंपरा, आधुनिकता और अथक मेहनत का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। हालांकि आधुनिक युग में ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट आम हो चुकी है, लेकिन लाडपुरा के अधिकांश किसान आज भी अपने बाप-दादा की पारंपरिक सीख को जिंदा रखे हुए हैं। खरीफ सीजन की मुख्य फसलों की बुवाई संपन्न होते ही किसान तड़के ही अपने बैलों की जोड़ी लेकर खेतों में उतर रहे हैं और फसल की बेहतर ग्रोथ के लिए 'हलाई' (निराई-गुड़ाई व खरपतवार हटाने) के कार्य में पूरी मुस्तैदी से जुट गए हैं।

### सुबह-सुबह गूंजती हैं घंटियां, छोटे और पथरीले खेतों में बैल ही भरोसा:

क्षेत्र में इन दिनों अलसुबह से ही खेतों में



बैलों के गले में बंधी घंटियों और घुंघरुओं की मधुर आवाजें गूंजने लगती हैं, जो ग्रामीणों को कर्मपथ पर बढ़ने का संदेश देती हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि जहां बड़े मैदानी इलाकों में ट्रैक्टर काम आते हैं, वहीं लाडपुरा क्षेत्र के छोटे खेतों, क्यारियों और पथरीली जमीनों में आज भी बैल ही सबसे भरोसेमंद और सुविधाजनक साधन हैं। मक्का और मूंगफली जैसी फसलों की कतारबद्ध (लाइन) बुवाई के बाद यह हलाई का काम लगातार दो से तीन दिनों तक चलता है, जिसमें शाम को बैलों को नहला-धुलाकर उनके चारे-पानी की विशेष देखभाल की जाती है।

### डीजल के खर्च से मुक्ति और मिट्टी की सेहत रहती है बरकरार

परंपरागत खेती को प्राथमिकता देने वाले बुजुर्ग किसानों ने बताया कि मशीनी युग अपनी जगह है, लेकिन बैलों से की गई हलाई से मिट्टी का प्राकृतिक स्वभाव बना रहता है। इसके मुख्य रूप से तीन बड़े वैज्ञानिक और आर्थिक फायदे हैं:शून्य ईंधन लागत: इसमें महंगे डीजल का कोई खर्च नहीं होता, केवल बैलों की नियमित देखभाल और चारे की आवश्यकता होती है।

मिट्टी में वेंटिलेशन: ट्रैक्टर के भारी टायरों की तरह बैल के पंजों से मिट्टी अत्यधिक दबती नहीं है, जिससे मिट्टी भुरभुरी बनी रहती है और उसमें हवा व ऑक्सीजन का प्रवाह आसानी से होता है।

नमी और सुरक्षा: बुवाई के तुरंत बाद हल चलाकर मिट्टी पलटने से जमीन के भीतर नमी लंबे समय तक सुरक्षित रहती है, बीज अच्छे से दब जाते हैं, खरपतवार नष्ट हो जाते हैं और पक्षियों से भी बीजों का बचाव होता है।

### मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की बम्पर बुवाई, खुशहाली की उम्मीद:

लाडपुरा क्षेत्र में इस बार मुख्य रूप से खरीफ की फसल के अंतर्गत मक्का, मूंगफली, ज्वार, बाजरा, सोयाबीन, उड़द और मूंग की बम्पर बुवाई की गई है। इस पारंपरिक मुहिम में खास बात यह है कि बुजुर्गों के साथ-साथ गांव की युवा पीढ़ी भी कंधे से कंधा मिलाकर खेती के काम में हाथ बंटा रही है, जिससे यह समृद्ध विरासत आगे बढ़ रही है। खेतों में चारों ओर छाई हरियाली, मिट्टी की सोंधी खुशबू और किसानों की आंखों में यह उम्मीद साफ तैर रही है कि यदि आगामी दिनों में समय पर इंद्रदेव की मेहरबानी रही, तो इस बार फसलों की बम्पर पैदावार होगी और आगामी त्योहारों पर हर किसान के घर में समृद्धि और खुशहाली आएगी।

# बिना अनुमति 49 पेड़ काटे: खातेदारी जमीन पर 10 साल पुराने खेजड़ी, शीशम और पलाश पर चली जेडीबी, प्रकरण दर्ज की कार्रवाई शुरू

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** आमलीगढ़ पाछ्ली ग्राम पंचायत क्षेत्र के खातीखेड़ा गांव में बिना अनुमति खातेदारी भूमि से बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है।जमीन की सफाई के नाम पर करीब 10 साल पुराने 49 पेड़ काट दिए गए।इनमें 35 खेजड़ी,8 देशी बबूल,3 शीशम,2 छल्लर और 3 पलाश(खाखरा)के पेड़ शामिल हैं।मामले की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर कटे हुए पेड़ों को जब्त कर एसडीएम कार्यालय में प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।हमीरगढ़ तहसीलदार भंवरलाल सेन ने बताया कि आमलीगढ़ पाछ्ली ग्राम पंचायत के खातीखेड़ा गांव स्थित खातेदारी भूमि संख्या 3366,रकबा 0.9990 हेक्टेयर राजस्व रिकॉर्ड में मैसर्स अजय एक्सप्लो के नाम दर्ज है।यह भूमि मूल रूप से शिवचरण पुत्र बालचंद हेडा,निवासी सरवाड़(जिला अजमेर),हाल भीलवाड़ा के नाम खातेदारी में थी।हाल ही में उक्त भूमि को मंगरोप निवासी इमरान पुत्र बशीर मोहम्मद ने क्रय किया है।तहसीलदार के अनुसार शुक्रवार को भूमि की सफाई करवाने के दौरान ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वर्षों पहले सघन पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए करीब 10 वर्ष पुराने पेड़ों पर जेसीबी चला दी गई जिसमें 35 खेजड़ी,8 देशी बबूल,3 शीशम,2 छल्लर तथा 3 पलाश(खाखरा)सहित कुल 49 पेड़ काट दिए गए।राष्ट्रीय पेड़ो को काटने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में खातीखेड़ा गांव के ग्रामीण पहुंचे।उन्होंने पेड़ो की कटाई का विरोध करते हुए उक्त पेड़ो की कटाई करने वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।इसकी सूचना मिलते ही तहसीलदार भंवरलाल सेन ने आमलीगढ़ पाछ्ली के भू-अभिलेख अधिकारी चंद्रप्रकाश प्रजापत को मौके पर भेजा।उन्होंने घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर मौका पर्चा तैयार किया तथा कटे हुए सभी पेड़ों को जब्ती में लिया।इसके साथ ही भूमि खातेदार से हस्ताक्षर करवाकर पेड़ों को किसी भी प्रकार से खुर्द-बुर्द नहीं करने के लिए पाबंद किया गया।तहसीलदार सेन ने बताया कि कटे हुए सभी पेड़ों को राजस्व विभाग की ओर से जब्त कर शनिवार सुबह एसडीएम कार्यालय में प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।मामले की जांच के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


### खेजड़ी की कटाई पर सख्त हैं नियम

राजस्थान में खातेदारी भूमि पर भी कई प्रकार के पेड़ों की कटाई के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक मानी जाती है।विशेष रूप से खेजड़ी के पेड़ पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित श्रेणी में माने जाते हैं।हाल ही में राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि खेजड़ी के पेड़ों की कटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के नहीं की जानी चाहिए।ऐसे मामलों में राजस्व नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

# जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, 21 अधिकारियों को किया इधर से उधर

### 92 एएसआई के साथ कई दीवान ओर कांस्टेबल भी बदले

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




राजस्थान में भारी तादाद में तबादलों का दौर शुरू हो चुका है तबादलों से बैंड हटने के साथ ही कई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इधर से उधर किया जा रहा है जिससे पुलिस विभाग भी अछूता नहीं है । जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है जिसमें 21 पुलिस अधिकारियों के तबादले हुए है जिसके चलते अधिकारियों में हलचल मची हुई है । इसके आदेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय भीलवाड़ा से जारी हुए है जिसमें थानाप्रभारी ओर उप निरीक्षक शामिल है । आदेशों के अंतर्गत मेघना त्रिपाठी को साइबर थाने में पदस्थापित किया गया है इसी प्रकार अधिकांश थानों के पुलिस निरीक्षक ओर उप निरीक्षक भी बदले गए है जिसके तहत थानाप्रभारी लोकपाल सिंह को जहाजपुर से सदर थाना, पूरणमल को करेड़ा से मंगरोप, राजकुमार नायक को फूलियाकलां से मांडलगढ़, राजेंद्र से को गंगापुर, प्रहलाद सहाय को रायपुर, रामशरण को साइबर थाने से कारोई, गजेंद्र सिंह को मांडल, दयाराम को करेड़ा, लीलाधर मालवीय को गंगापुर से शाहपुरा, मूलचंद को रायला से बनेड़ा, दिनेश कुमार को फूलियाकलां, गजेंद्र सिंह राठौड़ को सदर थाने से कोटड़ी, मानवेंद्र सिंह को जहाजपुर, ओमप्रकाश कासनियां को शंभुगढ़ से पंडेर, रोहिताश यादव को मांडल से शंभुगढ़, मालीराम को काछोला से अपराध सहायक बनाया है । इसी प्रकार नरेश कुमार को काछोला थाने की ओर उप निरीक्षक बछराज चौधरी का पुलिस लाइन से काछोला थाने में स्थानांतरण हुआ है वही कमलेश कुमार उप निरीक्षक को पंडेर से बडलियास भेजा गया है । इसी तरह कई कांस्टेबल ओर दीवान भी जिले में बदले गए है । तबादला सूची अनुसार 92 एएसआई, 332 कांस्टेबल ओर 72 हैड कांस्टेबल का ट्रांसफर किया गया है । पुलिस अधीक्षक सागर राणा द्वारा विभागीय कार्यप्रणाली को पारदर्शी ओर चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए इस तरह का बड़ा फेरबदल किया गया है।

# दूल्हेपुरा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला गरमाया, ग्रामीणों ने अधिकारियों पर मिलीभगत का लगाया आरोप

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



आसींद विधानसभा क्षेत्र के अंटाली तहसील के ग्राम पंचायत दूल्हेपुरा में सरकारी भूमि (खसरा संख्या 459/2 - गेमू आबादी) पर किए गए अवैध अतिक्रमण और स्थानीय अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और अतिक्रमण हटाने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गेमू आबादी के रूप में दर्ज राजकीय भूमि, जो वर्षों से सार्वजनिक रास्ते और आबादी नाले के रूप में उपयोग में ली जा रही थी, उस पर 15 जून 2026 को दबंगों ने तारबंदी कर अतिक्रमण कर लिया। इसके बाद 30 जून 2026 को वहां ईंटों की दीवार का अवैध निर्माण शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों ने तत्कालीन ब्लॉक विकास अधिकारी भंवर सिंह चरण और ग्राम विकास अधिकारी ललित कोठारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि अतिक्रमण की सूचना तत्काल अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन न तो निर्माण रोका गया और न ही अतिक्रमण हटाया गया। शिकायत में कहा गया है कि अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट में तथ्यों को छिपाकर भ्रम फैलाया है। रिपोर्ट में यह झूठ लिखा गया कि 7 जुलाई 2026 को रास्ता खुलवा दिया गया था, जबकि मौके पर आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने मामले को रफा-दफा करने के लिए शिकायतकर्ता को सूचना दिए बिना ही मनमर्जी से रिपोर्ट तैयार की और कुछ विशेष लोगों के हस्ताक्षर लेकर उसे पूरे गांव की सहमति बता दिया। ग्रामीणों ने दावा किया है कि उनके पास उस समय की कॉल रिकॉर्डिंग, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतें और अवैध निर्माण के वीडियो-फोटो प्रमाण के रूप में मौजूद हैं, जिसे वे जांच के दौरान प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की किसी वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाकर रास्ते को पुनः बहाल किया जाए। संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच हो और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर 'छोटा परिवार-सुखी परिवार' का संदेश लेकर दिया जागरूकता का संदेश, निकली जनजागृति रैली

### सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखा कर किया रैली को रवाना

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



विश्व जनसंख्या दिवस-2026 के अवसर पर जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण एवं परिवार कल्याण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर से भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा व अति. सीएमएचओ (प.क.) डॉ. रामकेश गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि सीमित परिवार ही स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध समाज की आधारशिला है। परिवार नियोजन अपनाकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है तथा समाज के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने आमजन से परिवार कल्याण संबंधी सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लेने और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

रैली में ए.एन.एम टी. सी. प्रधानाचार्य रविंद्र ट्रेलर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी आशीष पंचोली, मुकेश श्रीवास्तव, ए.एन.एम. प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षार्थियों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कार्मिकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर लेकर 'छोटा परिवार-सुखी परिवार ', 'स्वस्थ मां-स्वस्थ शिशु, खुशहाल परिवार' जैसे संदेशों के माध्यम से जनसामान्य को परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूक किया।

रैली महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में आमजन को परिवार कल्याण, जनसंख्या स्थिरीकरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

अति. सीएमएचओ (प.क.) डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस सप्ताह के तहत जिले में 11 से 18 जुलाई तक परिवार कल्याण एवं जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वस्थ परिवार एवं जिम्मेदार अभिभावकत्व का संदेश पहुंचाया जा सके।

# साइबर अपराधों से बचाव का दिया संदेश, स्थापना दिवस पर भाविप ने आयोजित की संगोष्ठी

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाहपुरा शाखा की ओर से साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। पुलिस उपाधीक्षक ओपी विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जयदेव जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप् में विद्यान व प्रोद्योगिकी के वरिष्ठ व्याख्याता महेश कुमार कोली व एसबीआई शाहपुरा के मुख्य प्रबंधक वेदप्रकाश मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत प्रधानाचार्य द्वारका प्रसाद जोशी ने किया।

शाखा अध्यक्ष पवन कुमार बांगड़ ने सभी का स्वागत करते हुए भाविप की स्थापना के उदेश्यों, आज के दौर मे उसकी आवश्यकता तथा आज के विषय पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि ओपी विश्नोई ने साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा होने पर तुरंत ही भारत सरकार की ओर से जारी कॉल नंबर 1930 पर अपनी रिपोर्ट देवे तथा पुलिस को भी तत्काल सूचना देवे ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने स्मार्ट फोन का उपयोग भी सावधानी पूर्वक करने पर जोर दिया।

मुख्य प्रबंधक वेदप्रकाश ने साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के बारे में बैंक मैनजमेंट द्वारा जारी प्रोटोकॉल बताते हुए स्मार्ट फोन में कुछ सावधानियां रखने के प्रायोगिक बताते हुए फोन में सेटिंग्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा के उपभोक्ता का खाता उनके बैंक में होने पर तत्काल उनको सूचना देकर बैंक पहुंच कर निर्धारित आवेदन करके अपराधों को रोका जा सकता है।

महेश कोली ने कहा कि आज हर व्यक्ति का जीवन मोबाइल से प्रांरभ हो रहा है। बिना मोबाइल के उसका रह पाना संभव नहीं हो पा रहा है। व्यक्ति मोबाइल में जो भी आदान प्रदान करता है उसका रिकार्ड ही उपराध करने वालों को सहयोग करता है। उन्होंने सावधानी बरतने के साथ साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम की रोकथाम के बारे में कई टिप्स बताये।

इससे पूर्व अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठि का शुभारंभ किया। पुलिस उपाधीक्षक विश्नोई ने भाविप सदस्यों द्वारा रखे सवालों का भी उत्तर दिया। संगोष्ठि में भाविप के सदस्यगण मौजूद रहे।

# समाज की संगठनात्मक एकता से ही बनेगा सशक्त और आत्मनिर्भर -समाज सत्यनारायण खारवाल

स्मार्ट हलचल



शाहपुरा खारवाल-खारोल समाज समिति, कोटा संभाग के अध्यक्ष सत्यनारायण खारवाल समाज के पदाधिकारियों के साथ मध्य प्रदेश के मालवा अंचल स्थित जावरा शहर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी स्वर्गीय किरण देवी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सांत्वना दी गई।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, समाज पंचों एवं युवाओं के साथ कोटा में प्रस्तावित समाज छात्रावास निर्माण को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। समाजजनों को संबोधित करते हुए सत्यनारायण खारवाल ने कहा कि समाज की सामूहिक एवं संगठनात्मक एकता ही उसे सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर बनाने का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों के अनुभव और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सहयोग तथा विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है।उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, आपसी समन्वय और समाजहित की भावना के साथ कार्य करने से संगठन मजबूत होगा तथा समाज के विकास के लक्ष्य आसानी से प्राप्त किए जा सकेंगे। उन्होंने कोटा में प्रस्तावित समाज छात्रावास को समाज की भावी पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क आवास उपलब्ध कराना समाज का सामूहिक दायित्व है।

सत्यनारायण खारवाल के इस प्रस्ताव का मालवा अंचल के समाजजनों ने स्वागत करते हुए छात्रावास निर्माण के लिए नैतिक समर्थन के साथ हरसंभव आर्थिक सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रामरतन खारवाल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह खारवाल, जिला अध्यक्ष रमेशचंद डोडिया, संगठन मंत्री बालचंद खारवाल, संयुक्त सचिव रमेशचंद जगन्नाथपुरा, सचिव रामनाथ खारवाल (सोली) सहित राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, मालवा अंचल के अनेक गणमान्य वरिष्ठजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजयनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेविकाओं ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से सिंधी कॉलोनी, रीको एरिया एवं तेजाजी चौक होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने आमजन को जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विद्यालय में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में कार्यक्रम अधिकारी कल्पना सिंह ने छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व तथा जनसंख्या नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी।

इस अवसर पर अंशु पारीक, प्रदीप कुंपावत, अनीता, विजेंद्र कुमार, राम किशोर यादव, कांता चौधरी, देंउ भील, सुनील कुमार शर्मा, शकुंतला जैन, ममता खाती, रेखा प्रजापत, स्वाती शर्मा एवं रश्मि खंडारिया सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# लायंस क्लब रॉयल व कोगटा फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य सामग्री

स्मार्ट हलचल






**बिजयनगर।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजयनगर में शनिवार को लायंस क्लब रॉयल बिजयनगर एवं कोगटा फाउंडेशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब अध्यक्ष कैलाश डूंगरवाल एवं विद्यालय अध्यक्ष बालमुकुंद कोगटा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कैलाश डूंगरवाल ने शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में समाज के सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन व संस्कार के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में ज्ञानचंद कोठारी, ज्ञानचंद बाफना, शांति कुमार चपलोत, गौतम बुरड़, डॉ. भूपेंद्र चौधरी, अमित लोढ़ा, भागचंद भटेवड़ा, सुरेंद्र सिंघवी, दिलीप मेहता सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य शक्ति सिंह राठौड़ ने सभी भामाशाहों, अतिथियों, लायंस क्लब रॉयल बिजयनगर एवं कोगटा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# बिजोलिया तहसील के अमरपुरा गांव मे 75 साल बाद भी सड़क नही, लोग परेशान ग्रामीणों ने सडक निर्माण की मांग की

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया



भीलवाडा के बिजौलिया तहसील के जालंधरी ग्राम पंचायत के अमरपुरा गांव मे प्रशासन व जनप्रतिनिधियो की अनदेखी के कारण आजादी के 75 साल बाद भी जांलधरी ग्राम पंचायत के अमरपुरा गांव मे सडक नही है।

सडक नही होने की वजह से चारो तरफ कीचड ही कीचड व चारो तरफ गंदगी ही गंदगी हो रही हे जिससे अमरपुरा के ग्रामवासी बेहद परेशान है । अमरपुरा ग्रामवासीयों को आने जाने मे भी बहुत परेशानी होती हे गांव की परेशानी को देखते हुऐ ग्रामवासियो ने सरपंच,विधायक ओर प्रशासन से जल्द से जल्द सडक बनाने की मांग की। अगर प्रशासन द्वारा अमरपुरा गांव की सडक की समस्या पर ध्यान नही दिया तो अमरपुरा गांववासी साथ मिलकर बडा आन्दोलन करेंगे उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# धौलाई वाले बाबा के उर्स में उमड़े जायरीन, मांगी अमन चैन की दुआ

स्मार्ट हलचल | क़ाछोला



कस्बे में हजरत निजामुद्दीन निजामी धौलाई वाले बाबा की दरगाह पर उर्स मुबारक मौके पर बेंगू से आये कव्वाल अनवर भाई ने हुजूर की शान में, मौला अली व हुसैन की शान में, ख्वाजा की शान में, धौलाई वाले बाबा की शान में सूफियाना कलाम पेश किए और कौमी एकता को लेकर कव्वाली पेश की।वही कोटा के मशहूर कव्वाल हफीजुर्रहमान ने अपने बेहतरीन अंदाज में नाते रसूल हमको तो बस हुसैन के नाना पसंद है, मोला अली की, गोस पाक की गोसे पाक व धोलाई वाले बाबा के हम है दीवाने, उनकी महफ़िल सजाए हुए, दिल को काबा बनाये हुए है, ख्वाजा ख्वाजा बोल दीवाने, तुम बदलते हो किस्मत को इशारा करके, ये तो ख्वाजा का करम है, गरीब रहने दो पर करीब रहने दो या ख्वाजा गरीब नवाज, हक हुसैन मोला हुसैन, वो दुआ में हाथ उठाले मेरे पीर आ गए है, ये तेरा करम है या ख्वाजा, हक सैलानी या सैलानी, दूल्हा बना है ख्वाजा, मेरे पीर के चेहरे पे सरकार नजर आते है, मेरी जिंदगी बनाने मेरे पीर आ गए है , हक निभाना मेरे हुसैन का है, बेखुद में लिए रहते है अंदाज है ये जा पाना, उस्मा की आंख का तारा हरिमा, हैदर हैदर अली अली सहित कौमी एकता कव्वाली में जायरीन झूम उठे। इससे पूर्व पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम , सूफी अब्दुल सलीम बागवान ने चादर शरीफ पेश कर देश प्रदेश में अमन, चैन, खुशहाली, प्रगति, उन्नति, कामयाबी के साथ अच्छी सेहत, रहमत की बारिश, परेशानियों,

बीमारियों से निजात को लेकर दुआ की।वही दूर दूर से आये जायरीनों ने अपने व अपने परिवार की कामयाबी, कर्ज, मर्ज से निजात की दुआ की। दरगाह व उर्स कमेटी सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी के सानिध्य में जायरीनों व अकीदतमंदों ने फूलों की चादर शरीफ पेश की ।कव्वाली प्रोग्राम में दौरान, आम मुस्लिम व उर्स कमेटी सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, उर्स कमेटी के हाजी बाबू मेवाती, मोहम्मद यूनुस रँगरेज, हाजी, कमालुद्दीन रँगरेज, हाजी रमजान अली बिसायती, हाजी मोहम्मद शाबिर रँगरेज, मैनेजर मोहम्मद अशफाक, रईस टांक, खाजू खान, फिरोज बागवान, बाबू शाह, इमरान बागवान, मुबारिक रँगरेज, शाहरुख मंसूरी, फिरोज मेवाती, साहिल मंसूरी, बंटीआसिफ मंसूरी, मोहम्मद साहिल रँगरेज, शहबाज पठान, सरफ़ू साह सहित आदि मौजूद थे।

# सुनीता कँवर राठौड़ प्रदेश महामंत्री मनोनीत

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान की बैठक प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई7जिसमें प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू, प्रदेश संरक्षक राजेंद्र कचोलिया, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, युवा प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार पारीक की सहमति से युवा महिला प्रदेशाध्यक्ष निशा कँवर गौड़ ने समिति के विधान में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुनीता कँवर राठौड़ को युवा महिला प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है।

नव मनोनीत युवा महिला प्रदेश महामंत्री सुनीता कँवर राठौड़ ने विश्वास दिलाया कि समिति के विधान अनुसार कार्य करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर प्रदेश सहसचिव पीरू सिंह गौड़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, जिलाध्यक्ष राजेश पाटनी, जिला सचिव कमलेश बोडाना, लता देवी सरगरा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शाहपुरा की शिक्षा में नई उड़ान- प्रवासी उद्योगपति संजय डांगी ने भेंट की ब्रेन साइंस लैब, अब आधुनिक तकनीक से जुड़ेगा हर विद्यार्थी

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में जब समाज के भामाशाह आगे आते हैं तो केवल भवन ही नहीं बनते, बल्कि भविष्य संवरता है। इसी सोच को साकार करते हुए शाहपुरा के प्रवासी उद्योगपति एवं प्रेरणास्रोत समाजसेवी संजय डांगी ने एक बार फिर अपनी जन्मभूमि के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए आर्य समाज द्वारा संचालित श्रीमद दयानंद महिला शिक्षण केंद्र को अत्याधुनिक ब्रेन साइंस लैब भेंट कर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत कर दी है। इस नई सुविधा के शुरू होने से अब विद्यालय के विद्यार्थी आधुनिक विज्ञान, तकनीक और स्मार्ट एजुकेशन से सीधे जुड़ सकेंगे। यह लैब बच्चों की तार्किक क्षमता, स्मरण शक्ति, रचनात्मक सोच, विज्ञान के प्रति रुचि और तकनीकी समझ को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भीलवाड़ा जिले में निजी क्षेत्र का यह एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जहां विद्यार्थियों को अधिकांश सुविधाएं निशुल्क अथवा अत्यंत न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आर्य समाज वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। अब ब्रेन साइंस लैब की स्थापना से यह विद्यालय आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बनाने जा रहा है।

शनिवार को शाहपुरा के ऐतिहासिक महलों के चैक स्थित आर्य समाज परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में ब्रेन साइंस लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डांगी परिवार की ओर से संपत डांगी, सुशील डांगी एवं सुनीता डांगी ने फीता काटकर लैब का शुभारंभ किया। उद्घाटन के साथ ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने नई तकनीकी सुविधाओं को देखकर खुशी व्यक्त की और इसे अपने भविष्य के लिए एक बड़ा अवसर बताया।



### विद्यार्थियों के लिए वरदान बनेगी ब्रेन साइंस लैब

विद्यालय प्रशासन के अनुसार ब्रेन साइंस लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान आधारित गतिविधियों, डिजिटल शिक्षण, मानसिक विकास, रचनात्मक प्रयोग, तार्किक विश्लेषण तथा आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। आज का युग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, डिजिटल लर्निंग और विज्ञान आधारित नवाचारों का है। ऐसे समय में ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी महानगरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

ब्रेन साइंस लैब में उपलब्ध सामग्री के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को विकसित करने, उनकी एकाग्रता बढ़ाने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मजबूत आधार तैयार करने में सहायता मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की प्रयोगशालाएं बच्चों के मानसिक विकास को गति देने के साथ-साथ उनमें नवाचार और अनुसंधान की भावना भी विकसित करती हैं।

### संजय डांगी बने समाज के लिए प्रेरणा

प्रवासी उद्योगपति संजय डांगी लंबे समय से अपनी जन्मभूमि शाहपुरा के विकास और शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर योगदान देते रहे हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची सफलता वही है, जो समाज को लौटाई जाए। शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह योगदान केवल एक लैब की स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य में किया गया निवेश है। संजय डांगी जैसे भामाशाह समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने यह संदेश दिया है कि यदि प्रत्येक सफल व्यक्ति अपने गांव, कस्बे या शहर के विद्यालयों के विकास में सहयोग करे तो सरकारी और निजी संस्थानों के बीच संसाधनों की खाई काफी हद तक समाप्त हो सकती है। उनके इस प्रेरणादायी कार्य की समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया।

### हर वर्ष की परंपरा निभाते हुए हुआ यूनिफॉर्म और पुस्तकों का वितरण

ब्रेन साइंस लैब के उद्घाटन के पश्चात विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला स्कूल यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तक वितरण समारोह भी बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के पूर्व प्रधान हीरालाल आर्य ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में संपत डांगी, सुशील डांगी एवं सुनीता डांगी उपस्थित रहे। वहीं समाजसेवी जोरावर सकलेचा एवं रमेश सोनी विशेष भामाशाह के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह में विद्यार्थियों को नई स्कूल यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नई वर्दी और किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह सहयोग किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। विद्यालय द्वारा वर्षों से यह परंपरा निभाई जा रही है, जिससे कोई भी विद्यार्थी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

### आर्य समाज की सेवा भावना बनी मिसाल

शाहपुरा का श्रीमद दयानंद महिला शिक्षण केंद्र केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि सेवा, संस्कार और सामाजिक समर्पण का प्रतीक बन चुका है। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना भी प्रदान की जाती है। विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि निजी क्षेत्र का होने के बावजूद यहां विद्यार्थियों को अधिकांश सुविधाएं निशुल्क अथवा अत्यंत न्यून शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती हैं। यही कारण है कि यह संस्था वर्षों से समाज के विश्वास का केंद्र बनी हुई है।

### भामाशाहों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान शिक्षा और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। विशेष रूप से शंकर अग्रवाल एवं कमल मनियार का अभिनंदन कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वक्ताओं ने कहा कि समाज के ऐसे दानदाताओं के सहयोग से ही शिक्षा के मंदिर निरंतर प्रगति कर रहे हैं और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बन रहा है।

### आर्य समाज के पदाधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आर्य समाज के सभी पदाधिकारी एवं सभासद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें वर्तमान प्रधान गोपाल राजगुरु, मंत्री सुनील कुमार बेली, कोषाध्यक्ष प्रेम शारदा, उपप्रधान रामस्वरूप काबरा, सभासद ओमप्रकाश चितलांगिया, ज्ञान चेचानी, जयदेव जोशी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों, अभिभावकों तथा समाजसेवियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

### प्रधानाध्यापिका ने जताया आभार

विद्यालय की संस्था प्रधानाध्यापिका मिथलेश कंवर ने सभी अतिथियों, भामाशाहों, आर्य समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से विद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ब्रेन साइंस लैब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और आने वाले समय में यहां के विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

### शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल

शाहपुरा के लिए यह दिन शिक्षा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। जहां एक ओर विद्यार्थियों को आधुनिक ब्रेन साइंस लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधा मिली, वहीं दूसरी ओर जरूरतमंद बच्चों को यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर यह संदेश भी दिया गया कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि समान अवसर उपलब्ध कराने का माध्यम भी है।

प्रवासी उद्योगपति संजय डांगी की प्रेरणादायी सोच, आर्य समाज की सेवा भावना और भामाशाहों के सहयोग से श्रीमद दयानंद महिला शिक्षण केंद्र आज उस दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां आर्थिक अभाव किसी बच्चे के सपनों की राह में बाधा नहीं बनेगा। आधुनिक तकनीक, संस्कारयुक्त शिक्षा और समाज के सहयोग का यह संगम निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में शाहपुरा के विद्यार्थियों के भविष्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आधार बनेगा।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत ऑक्सीजन ज़ोन-3 का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोजवा में विद्यालय परिसर में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजन ज़ोन-3 का शुभारंभ मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा पौधरोपण कर किया गया।

इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरित एवं स्वच्छ वातावरण का निर्माण जनभागीदारी से ही संभव है।

कार्यक्रम में पूर्व प्रशासक चांदमल कुमावत, श्यामलाल शर्मा, मनोज सनाढ्य, भंवरलाल शर्मा, नाथूलाल तिवाड़ी, भामाशाह कैलाश चंद्र तेली, पंडित सांवरमल शर्मा, हरिलाल सुथार, कमलेश सिंह सहित अनेक गणमान्यजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य गोपाल लाल वैष्णव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# गोवध के आरोपी दो बदमाश अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार, एक पर एनबीडब्ल्यू भी था जारी

स्मार्ट हलचल | लखीमपुर खीरी

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने पूर्व में गोवध जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे दो अभियुक्तों को दो अवैध तमंचों और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी था।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक खीरी के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस टीम ने ओयल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नौशाद पुत्र लियाकत अली निवासी कादीपुर थाना खीरी तथा बुद्धू लोनिया पुत्र पुन्ना उर्फ पूरन लोनिया निवासी लोनपुरवा भगौतीपुर थाना खीरी को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक-एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर नौशाद के विरुद्ध मु.अ.सं. 0445/2026 तथा बुद्धू लोनिया के विरुद्ध मु.अ.सं. 0446/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि बुद्धू



लोनिया के खिलाफ एसीजेएम-2 न्यायालय से एक गैर जमानती वारंट भी जारी था।

पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त पहले भी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। नौशाद हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ गोवध, आर्म्स एक्ट, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम समेत धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं बुद्धू लोनिया पर चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य आपराधिक मामलों सहित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक डिम्पल कुमार, कांस्टेबल नील कुमार, दिलीप यादव, नितिन कुमार गौतम तथा अजीत कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# वैदिक विधि-विधान से रखी गई आवास एवं कॉर्पोरेट कार्यालय की आधारशिला



स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

नगर के पेच एरिया स्थित निजी आवास परिसर में शनिवार को सनातन परंपराओं,वैदिक संस्कारों एवं भारतीय वास्तुशास्त्र के अनुरूप प्रस्तावित आवास एवं अत्याधुनिक कॉर्पोरेट कार्यालय भवन की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहर लाल आंजना ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

शुभ मुहूर्त में गांव बोरदिया निवासी पंडित राजेश जोशी एवं कोटड़ी कलां निवासी पंडित रोहित शर्मा के सान्निध्य में गणपति पूजन,नवग्रह पूजन,वास्तु शांति यज्ञ एवं हवन सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ की पवित्र आहुतियों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

वास्तुशास्त्र एवं सनातन मान्यताओं के अनुरूप सम्पन्न हुए इस अनुष्ठान में भवन की उन्नति,परिवार की समृद्धि,संस्थागत विकास तथा क्षेत्र की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। उपस्थित जनों ने इसे केवल भवन निर्माण की शुरुआत नहीं, बल्कि विकास, जनसेवा और प्रगतिशील सोच की मजबूत नींव बताया।

निर्माणाधीन यह आधुनिक परिसर भविष्य में सामाजिक गतिविधियों, जनसंपर्क, व्यावसायिक प्रबंधन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मजबूत आधारशिला ही उज्ज्वल भविष्य का आधार होती है और यह परियोजना क्षेत्र के विकास में नई पहचान स्थापित करेगी।

कार्यक्रम में चेतक एंटरप्राइजेज के निदेशक हुकमीचंद जैन,भरत आंजना,पूरण आंजना,विक्रम आंजना,चन्द्रेश आंजना,विपिन आंजना,प्रणीत आंजना सहित आंजना परिवार के सदस्य तथा आंजना ग्रुप से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट मनोज लोढ़ा,प्रवीण सकलेचा, अधिकारी,कर्मचारी,स्टाफ सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# डेढ़ माह से खुदा पड़ा पीपली का मुख्य मार्ग, पीडब्ल्यूडी ने सड़क नवीनीकरण के नाम पर करवाई थी खुदाई, ग्रामीण बोले-काम अधूरा छोड़कर भूला विभाग

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पीपली का मुख्य बस स्टैंड और स्कूल जाने वाला प्रमुख मार्ग पिछले डेढ़ माह से खुदा पड़ा है।सड़क नवीनीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा करवाई गई खुदाई के बाद अब तक कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के मौसम में खुदी हुई सड़क पर पानी भरने लगा है,जिससे जहां कीचड़ और गड्ढों की समस्या बढ़ गई है,वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है।मुख्य मार्ग होने के कारण रोजाना यहां से गुजरने



वाले ग्रामीण,वाहन चालक और स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं परेशान हैं।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खुदाई के बाद विभाग और ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ दिया।बारिश के कारण मार्ग पर जगह-जगह पानी जमा हो गया है,जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

बस स्टैंड पर सैनेट्री एवं हार्डवेयर व्यापारी कैलाश चंद्र दरक,देवीलाल माली,देवीलाल दरोगा और यशपाल सिंह चौहान ने बताया कि कुछ दिन पहले शहीद श्री तेजसिंह सीनियर स्कूल की एक छात्रा स्कूल जाते समय इसी मार्ग पर बने गड्ढे में गिरकर चोटिल हो गई थी।छात्रा का प्राथमिक उपचार करवाना पड़ा।ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क नवीनीकरण के नाम पर गांव के मुख्य मार्ग की खुदाई तो करवा दी,लेकिन इसके बाद कार्य को पूरा करना भूल गया।अधूरी सड़क का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाए,ताकि बारिश के दौरान हो रही परेशानी से राहत मिल सके और स्कूल जाने वाले बच्चों सहित आम लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चित्तौड़गढ़ द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में बजरंग दल चित्तौड़गढ़ द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत विद्या निकेतन बालिका विद्यालय, भोई खेड़ा रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण एवं अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरित वातावरण का निर्माण करना रहा।

जिला संयोजक मनोज साहू ने बताया कि कार्यक्रम में विभाग मंत्री विश्वनाथ टांक, जिला अध्यक्ष किशन पिछोलिया, जिला मंत्री चंद्रशेखर सोनी, विभाग



संयोजक योगेश दशोरा, नगर मंत्री अभिनन्दन काबरा, सह मंत्री सुमित हेड़ा, नगर संयोजक पंकज जीनगर, गोपाल छिपा, दिलीप जोशी, सागर व्यास, आशीष वैष्णव, अंकुर सिंह भाटी सहित विद्यालय परिवार से प्रधानाचार्य ललिता कुँवर राठौड़ एवं यशवंत सिंह नेगी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किशन पिछोलिया ने कहा कि बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह जिले के विभिन्न प्रखंडों में सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनों ने लगाए गए पौधों की पूरे वर्ष संरक्षण एवं देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# गंगानगर अजमेर झुंझुनू नागौर चारों टीमें सेमी फाइनल में



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में विटी इंटरनेशनल स्कूल में 14 वर्षीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया कार्यक्रम के अध्यक्ष विशिष्ट विश्नोई विशिष्ट अतिथि पार्षद रेखा पूरी वही मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष लादू लाल तेली ओर साथ ही राजस्थान फुटबॉल संघ के पर्यवेक्षक रफीक सिंधी रहे उद्घाटन मैच अजमेर वर्सेज उदयपुर के बीच हुआ जिसमें अजमेर 4-0 से विजय रही सेकेंड मैच भीलवाड़ा वर्सेज नागौर के बीच हुआ जिसमें पेलेनटी शूटआउट में नागौर 3- 2 से विजय रही है तीसरा मैच जयपुर वर्सेज झुंझुनू के बीच हुआ जिसमें 2-0 से झुंझुनू विजय रही चौथा मैच श्रीगंगानगर वर्सेज बीकानेर के मध्य हुआ जिसमें गंगानगर 3-0 से विजय रही पाँचवा मैच धौलपुर वर्सेज अजेमर के मध्य खेला गया जिसमें अजमेर 4-0 से विजय रही संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि सारे ही मैच बड़े अच्छे ओर अनुशासन के साथ हुए हाल ही में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप से लड़कियों में अच्छा खासा जोश देखने को मिल रहा हे लड़कियां उनसे बहुत कुछ सीखने के साथ साथ उनमें आगे बढ़ने का ओर उनके जैसे खेलने का जुनून दिख रहा हे आज के कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे हैं विशिष्ट विश्नोई ने भी खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि कोई एक हार या जीत से अपने भविष्य का निर्धारण नहीं होता है आज जितने भी बड़े खिलाड़ी है वह आप की उम्र से ही प्रतिदिन अभ्यास करते थे हार और जीत से दोनों से कुछ ना कुछ सीखते थे और आगे बढ़ते थे इस लिय प्रतिदिन मैदान से कुछ न कुछ सीख के जाना हे ओर अपना स्वभाव हमेशा विनम्र रखना हे रेफरी बोर्ड में शंकर लाल जीनगर जगदीश बुनकर अमर सिंह राठौड़ लोकेंद्र सिंह अमन चंदेल सिद्धार्थ पोरवाल किशन गगराई कुणाल कुमार मिथलेश मारु महेश शर्मा रहे वही कार्यक्रम में ओम प्रकाश काबरा दुर्गेश जोशी भेरू लाल जीनगर शिव राम खटीक दिनेश सेन सदीक लुहार विनोद जी रूनवाल सदीक पठान आदि मौजूद रहे।

# सोनियाणा शिविर में 40 वर्षों से पट्टे के लिए भटक रही गौरी बाई को मौके पर मिला मालिकाना हक

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

सोनियाणा ग्रामीण सेवा शिविर में बरसी राहत 40 वर्षों से पट्टे के लिए भटक रही गौरी बाई को मौके पर मिला मालिकाना हक विभिन्न विभागों ने कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को किया लाभान्वित।

गंगापुर 11 जुलाई मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु उपखण्ड क्षेत्र गंगापुर की तहसील सहाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनियाणा में ग्रामीण सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर उपखण्ड अधिकारी गंगापुर विवेक गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर के अंतर्गत राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा स्थानीय जनसमस्याओं का



प्राथमिकता से समाधान करने का कार्य पूरी तत्परता के साथ किया गया।

इस शिविर की एक बड़ी सफलता तब सामने आई जब ग्राम झबरकिया निवासी 40 वर्षीय गौरी बाई पत्नी शांतिलाल जाति रेगर अपने आवासीय मकान का पट्टा बनवाने की गुहार लेकर शिविर प्रभारी के समक्ष उपस्थित हुईं। गौरी बाई पिछले 40 वर्षों से अपने आवास के मालिकाना हक पट्टे के लिए निरंतर प्रयासरत थीं। शिविर में जानकारी मिलते ही शिविर प्रभारी ने मौके पर ही ग्राम विकास अधिकारी सोनियाणा को त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने तथा पट्टे हेतु आवेदन तैयार करने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही गौरी बाई का आवासीय पट्टा स्वीकृत कर दिया गया।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर के द्वारा लाभार्थी गौरी बाई सहित अन्य 14 ग्रामीणों को उनके आवासीय मकान के पट्टे दिए गए। वर्षों पुराना सपना सच होने और अपने घर का मालिकाना हक प्राप्त करने पर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ग्रामीणों ने राज्य सरकार, मुख्यमंत्री एवं माननीय विधायक लादूलाल पितलिया का आभार व्यक्त किया और जनहित में चलाए जा रहे इन ग्रामीण सेवा शिविरों की मुक्त कंठ से सराहना की।

विभिन्न विभागों द्वारा शिविर में दी गई प्रमुख राहतें एवं सेवाएं

राजस्व विभाग आपसी सहमति से भूमि विभाजन राजस्व विभाग द्वारा शिविर में नामी प्रकरणों का निपटारा करते हुए काश्तकारों की आपसी सहमति से भूमि का शांतिपूर्ण विभाजन बंटवारा मौके पर ही संपादित कर खाताधारकों को बड़ी राहत प्रदान की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पोषण किट एवं आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के साथ. साथ जरूरतमंदों को स्वास्थ्यवर्धक पोषण किट वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाकर मौके पर ही वितरित किए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग द्वारा शिविर परिसर में स्वास्थ्य और मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म, नवजात शिशुओं के लिए अन्नप्राशन संस्कार तथा बच्चों के स्वास्थ्य वर्धन हेतु जन्मोत्सव कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया।

पशुपालन विभाग मंगला पशु बीमा पॉलिसी पशुपालकों के आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा शिविर में उपस्थित प्रगतिशील पशुपालकों को मंगला पशु बीमा पॉलिसी के दस्तावेज एवं किट वितरित किए गए ताकि दुधारू पशुओं की असमय मृत्यु की स्थिति में उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।

शिविर में सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थत रहे।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ उप शाखा ने ज्ञापन दिया

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** राजस्थान पंचायती राज तथा माध्यमिक शिक्षक संघ में 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सोपा। राजस्थान पंचायती राज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि राजस्थान पंचायत राज माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान एवं शीर्ष नेताओं के आह्वान पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान एवं ब्लॉक संयोजक महेश जाट के नेतृत्व में उपखंड भवानी मंडी को ज्ञापन दिया गया जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश चौधरीएवं जिला महामंत्री किशोर कुमार राठौर ने बताया काफी लंबे समय से राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों




की उचित मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है इसलिए शिक्षकों को धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के लिए विवश होना पड़ा जिला कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद पाटीदार ने बताया कि हमारा संगठन राज्य की शिक्षा व्यवस्था को निजी विद्यालय से बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है किंतु वर्तमान समय में विद्यालयों में मानवीय और भौतिक संसाधनों की भारी कमी है।

रिक्त पद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर,डीपीसी, 2010 से पूर्व भर्ती शिक्षकों को रीट की अनिवार्यता की बाध्यता मुक्त करने, जर्जर भवन और पीपलोदी घटना के बाद काफी संख्या में विद्यालय भवन जमीजोद किए भवन के पुनःनिर्माण, राज सरकार द्वारा कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, सरेंडरलीव, जीपीएफ, राज्य भीमा राशी भुगतान पर लगाई गई रोक, स्टाफिंग पैटर्न व्यवस्था और शिक्षकों पर गैर शैक्षणिक कार्यों के बढ़ते बोझ के कारण शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है इन बाधाओं को दूर किए बिना आदर्श विद्यालय की कल्पना पूर्ण करना कठिन है ज्ञापन देने में रघुनंदन बैरागी, जितेंद्र कुमार अखंड, दिलीप गौड़,राधेश्याम मेहर,राजेश बालोदिया,कानाराम कुमार नीरज कुमार वर्मा, अविनाश गुर्जर, राजेंद्र प्रसाद मीणा, मोहर सिंह बेरवा, अशोक कुमार शर्मा, मनोज पटेल, हंसराज बेरवा, प्रेम शंकर मीणा, अंकित गुप्ता, सुरेश पंचाल, तपन शर्मा, सुनील कुमार, आनंद धनोतिया, प्रेम शंकर मीणा, शिवराज नगर, करतार सिंह, मुस्ताक खान, कालूराम चौधरी, हेमराज मीणा, परमानंद गुर्जर, रामबाबू नगर, गोपाल सिंह देवी सिंह,अनिल पाटीदार, सचिन शर्मा, हेमंत तिवारी, अक्षय कुमार, पदम कुमारी, पुष्पा कुमारी, विजेता कंवर,अंजना जैन, प्रीति त्रिपाठी, रेखा चतुर्वेदी, रेखा चौहान, अनीता सुमन,हनी राठौर,सुमन लमोरिया, विनोद पावेचा, आशीष वाडिया हितेश तिवारी, निखिल अग्रवाल, अनिल कुमार वर्मा, श्यामलाल शर्मा, मुंशी राम गुर्जर, शादाब अहमद अमृत लाल मीणा, अर्जुन सिंह गहलोत सैकड़ो की संख्या में संघ के पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर गूंजेंगे संघ गीत, 'संघ साधना' कार्यक्रम में नवोदित व वरिष्ठ कलाकार देंगे भावपूर्ण प्रस्तुतियां

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

पं. जगन्नाथ प्रसाद स्मृति मंच की ओर से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को प्रताप गौरव केंद्र में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम 'संघ साधना' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन इस वर्ष विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम संघ के अनगिनत तपस्वी स्वयंसेवकों एवं मनीषियों के समर्पण, त्याग और राष्ट्रसेवा को संगीत के माध्यम से नमन करेगा।



स्मृति मंच के पंडित नरेंद्र कुमार ब्यावत ने। बताया कि मंच के माध्यम से पिछले लगभग 17 वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मंच द्वारा प्रतिवर्ष बसंत पंचमी एवं गुरु पूर्णिमा पर संगीत कार्यक्रम, गोष्ठियां तथा सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। साथ ही नवोदित कलाकारों और विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर भारतीय संगीत की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। मंच की शिखा बहल ने बताया कि इस वर्ष आयोजित 'संघ साधना' कार्यक्रम में नवोदित एवं वरिष्ठ कलाकार केवल संघ गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां देंगे।

# स्काउट गाइड ने पौधारोपण कर दिया प्रकृति बचाने का संदेश, अग्रज दल विकसित करेगा मृदुल वाटिका



स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वाधान में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को पैच ग्राउंड स्थित स्काउट गाइड प्रांगण में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्कूल के स्काउट, गाइड व कॉलेज रोवर, रेंजर्स ने बढ़ चढ़कर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रम में सहायक राज्य संगठन आयुक्त डॉ दिलीप कुमार माथुर मुख्य अतिथि रहे अध्यक्षता महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरु प्रकाश नागर ने की। आयोजन में संगठन के उपप्रधान केसी वर्मा, रेखा शर्मा, ऊषा शर्मा, स्थानीय संघ प्रधान चतुर्भुज महावर, बतौर स्काउट जिला आयुक्त राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रहलाद शर्मा, देवप्रकाश ओझा व जिला कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पुंडीर विशिष्ट अतिथि रहे। महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने संभागियों के साथ पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सहायक राज्य संगठन आयुक्त डॉ दिलीप कुमार माथुर ने कहा के प्रकृति संरक्षण के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है इस दिशा में स्काउट गाइड की अहम भूमिका है। इस अभियान से एक जन चेतनाकारी वातावरण निर्मित होगा, स्काउट गाइड को अपने आसपास लोगों को प्रेरित कर पौधारोपण करवाना चाहिए।

संभागियों को संबोधित करते हुए केसी वर्मा, चतुर्भुज महावर, प्रहलाद शर्मा, राजेंद्र व्यास आदि ने प्रकृति संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। सीओ स्काउट प्रदीप चितौडा ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संभागियों को अधिकाधिक पौधारोपण करने का संकल्प दिलाया। सीओ गाइड मधु कुमारी ने आभार प्रकट किया। स्काउट गाइड की मृदुल वाटिका के संरक्षण एवं देखभाल का जिम्मा मृदुल अग्रज सेवा दल सदस्यों ने लिया।

गार्ड ऑफ़ ऑनर व करतल ध्वनि से शुरू हुए कार्यक्रम में अग्रज दल एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित अभियान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक पौधा बेटी के नाम लगाया गया तथा साथ ही कुछ माह पूर्व जन्मी बेटी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर हट्टीपुरा, माटुंदा, लिटिल एंजेल, श्री रघुनाथ अकैडमी, हिमाद्री रेंजर टीम, मदन मोहन मालवीय रोवर ग्रुप, मृदुल अग्रज सेवा दल के स्काउट गाइडस रोवर रेंजर, महिला अधिकारिता और स्काउट के सदस्यों ने भाग लिया।

# 'माय भारत' बना युवा शक्ति का नया मंचः बूंदी में विशेष पंजीकरण अभियान



स्मार्ट हलचल | बूंदी

मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित विशेष 'माय भारत पंजीकरण एवं युवा जागरूकता अभियान' ने युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

अभियान में जिला युवा अधिकारी अशोक कुमार मेघवाल, जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह चुंडावत, राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम सहभागी गोविंद प्रजापत सहित अन्य अधिकारियों एवं युवा स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए युवाओं से अधिकाधिक संख्या में माय भारत से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल की जानकारी देकर उन्हें डिजिटल माध्यम से ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कराकर राष्ट्र निर्माण की इस अभिनव पहल से जोड़ा गया। साथ ही इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

जिला युवा अधिकारी मेघवाल ने जागरूकता सत्रों में युवाओं को माय भारत पोर्टल की पंजीकरण प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन, अनुभवात्मक शिक्षण, सरकारी अभियानों, सामाजिक सरोकारों तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। खेल अधिकारी चुण्डावत ने बताया कि माय भारत केवल एक डिजिटल पोर्टल नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाला राष्ट्रीय मंच है। इस दौरान 200 से अधिक युवाओं का मौके पर ही माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया, जबकि बड़ी संख्या में अन्य विद्यार्थियों को भी इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# कैथून में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत महिलाओं को सिखाये आत्मरक्षा के गुर, महिला कानून की जानकारी

स्मार्ट हलचल |खेड़ारामपुर

पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर के निर्देशन में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत कैथून थाना क्षेत्र के विभीषण धर्मशाला कैथून में महिला कानूनों प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्र-छात्राये व सुरक्षा सखियो व महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर डीवाईएसपी अरुण कुमार व कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवाल मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट से कॉस्टेबल नर्मदा व ममता द्वारा महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, महिलाओं से संबंधित अपराधों एवं प्रासंगिक कानूनों तथा पुलिस थानों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए जिसमे मार्शल आर्ट, कमांडो ,योगा, पंच , ब्लॉक किक्स, तथा बालिकाओं एवं महिलाओं से सम्बंधित कानून, बाल संरक्षण कानून एवं महिला सुरक्षा सम्बंधित पोक्सो एक्ट कानून की जानकारी दी गयी एवं छात्र-छात्राओं को राजकॉप सिटिजन ऐप डाउनलोड करवाया गया। कालीका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मेलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर होने वाली छेड़छाड़ या अन्य शरारती गतिविधियों की स्थिति में व महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 व पुलिस द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्रवाई एवं सहायता की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान अधिक संख्या मे महिलाएं मौजूद रही।

# विप्र फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

विप्र फाउंडेशन, शिक्षा रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ, जोन 1ए के तत्वावधान में आज रविवार 12 जुलाई को प्रताप गौरव केंद्र, टाइगर हिल्स, बड़गांव में प्रातः 9 बजे से भव्य विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आई ए एस, आर ए एस सम्मान समारोह एवं सिविल सेवा मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया जाएगा। जिसमें कूल विभिन्न क्षेत्रों की 250 प्रतिभाओं और विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम सिखवाल, प्रमुख राष्ट्रीय महामंत्री के. के. शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री प्रमोद पालीवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, राजस्थान सतीश शर्मा , प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल एवं शिक्षाविद् आर. एस. व्यास सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विप्र समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन तीन सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्र में विप्र समाज की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने 10वीं-12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# मांगरोल में विवाहिता की संदिग्ध मौत पर ग्रामीणों का आक्रोश, एसपी को ज्ञापन सौंप निष्पक्ष जांच की मांग

**हत्या की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

ग्राम मांगरोल में विवाहिता रतनीबाई प्रजापत की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर बनस्टी गांव के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। मामले में हत्या की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच, तत्काल एफआईआर दर्ज करने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 5 जुलाई को बनस्टी निवासी बालूलाल प्रजापत की 30 वर्षीय पुत्री रतनीबाई की उसके ससुराल ग्राम मांगरोल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने निम्बाहेड़ा सदर थाने में पति नानालाल प्रजापत, जेठ मोहनलाल, जेठपुत्र राहुल, मनु, विधवा ननद मांगीबाई सहित अन्य



लोगों के खिलाफ षड्यंत्रपूर्वक हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी थी।

ज्ञापन में कहा गया कि कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा प्रभावी एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं तथा मृतका के परिजनों को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि घटना स्थल जेके सीमेंट मांगरोल प्लांट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां हाई पावर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसके बावजूद अब तक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर तत्काल विधिसम्मत एफआईआर दर्ज करने, दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने तथा मृतका के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद भोलाराम प्रजापत, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष गणेशलाल साहू, पूर्व उपसरपंच बक्षीराम गुर्जर, उपसरपंच इन्द्रमल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# प्रेमी से शादी की जिद में 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ी युवती, तीन घंटे की मशक्कत के बाद उतरी सुरक्षित

स्मार्ट हलचल|लखीमपुर खीरी

जिले में प्रेम संबंधों को लेकर एक बार फिर हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवती अपने प्रेमी से शादी की मांग को लेकर करीब 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। करीब तीन घंटे तक चले समझाने-बुझाने के बाद युवती सुरक्षित नीचे उतर आई।

जानकारी के अनुसार, जसनगर निवासी पायल का तिकुनिया क्षेत्र के करन नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन युवती के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर युवती खैरटिया गांव स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़



गई और प्रेमी से शादी कराने की मांग पर अड़ गई।

घटना की सूचना मिलते ही तिकुनिया पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को समझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने उसे शांतिपूर्वक बातचीत कर सुरक्षित नीचे आने के लिए प्रेरित किया। काफी देर तक चले प्रयासों और प्रेमी को बुलाने का आश्वासन मिलने के बाद युवती टॉवर से नीचे उतर आई। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

तिकुनिया कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि युवती को पूरी तरह सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है और दोनों पक्षों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

यह जिले में करीब 20 दिनों के भीतर दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले 22 जून को निघासन तहसील क्षेत्र के मंझली पुरवा में भी एक युवती प्रेमी से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई थी, जिसे पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से सुरक्षित नीचे उतारा गया था।

लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि व्यक्तिगत विवाद या पारिवारिक मतभेद का समाधान इस प्रकार जान जोखिम में डालकर नहीं किया जाना चाहिए। संवाद, परिवार की सहमति और कानूनी प्र ि या के माध्यम से ही ऐसे मामलों का समाधान निकालना सुरक्षित और उचित तरीका है।


# गुजरात में न्युवोको विस्टास की बड़ी पहल, सूरत के लिमला सीमेंट प्लांट का शुभारंभ

**2 मिलियन टन वार्षिक क्षमता के साथ शुरू हुआ उत्पादन, पश्चिम और उत्तर भारत में कंपनी की पकड़ होगी मजबूत**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

देश की अग्रणी बिल्डिंग मटेरियल कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने गुजरात के सूरत स्थित लिमला सीमेंट प्लांट का शुभारंभ कर राज्य में अपने संचालन की औपचारिक शुरुआत कर दी है। यह प्लांट कंपनी द्वारा अधिग्रहित वदराज सीमेंट लिमिटेड की प्रमुख विनिर्माण इकाइयों में शामिल है। कंपनी का कहना है कि इस परियोजना से पश्चिम भारत में उसकी उत्पादन क्षमता और बाजार तक पहुंच को नई मजबूती मिलेगी।

कंपनी ने बताया कि जून 2025 में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रक्रिया के तहत करीब 1,800 करोड़ रुपये में वदराज सीमेंट



लिमिटेड का अधिग्रहण किया गया था। इसके बाद कच्छ स्थित क्लिंकर यूनिट और सूरत के लिमला स्थित ग्राइंडिंग यूनिट में व्यापक मरम्मत, आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य किया गया। अब लिमला प्लांट की 20 लाख टन वार्षिक ग्राइंडिंग क्षमता के साथ उत्पादन शुरू हो गया है।

कंपनी के अनुसार वदराज सीमेंट की सभी इकाइयों के पूर्ण संचालन के बाद न्युवोको की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा उत्तर और पश्चिम भारत के संयंत्रों से आएगा। इससे वित्त वर्ष 2027-28 तक 3.5 करोड़ टन वार्षिक उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को भी गति मिलेगी।

लिमला प्लांट में ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट, पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट, पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट तथा पोर्टलैंड कंपोजिट सीमेंट का उत्पादन किया जाएगा। साथ ही कंपनी की प्रीमियम ड्यूरागार्ड श्रृंखला, जिसमें ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर भी शामिल है, ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। कंपनी का कहना है कि गुजरात में संचालन शुरू होने से वहां के साथ-साथ पश्चिमी महाराष्ट्र के बाजारों में भी आपूर्ति आसान होगी। वहीं, राजस्थान के निम्बोल और चित्तौड़गढ़ स्थित कंपनी के संयंत्रों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होने से सप्लाई चेन और अधिक मजबूत होगी।

इस अवसर पर न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि लिमला ग्राइंडिंग यूनिट की शुरुआत कंपनी की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि गुजरात तेजी से विकसित हो रहा बाजार है, जहां बुनियादी ढांचे, उद्योग, शहरीकरण और आवास क्षेत्र में बढ़ती मांग कंपनी के लिए नए अवसर लेकर आई है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड समय में संयंत्र को पुनः चालू करना कंपनी की टीम की बेहतर योजना, तकनीकी दक्षता और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इससे अधिग्रहित परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग और दीर्घकालिक, टिकाऊ विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट होती है।

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025ः उदयपुर जिले में 99 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025 के सफल संचालन के लिए उदयपुर जिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) एवं परीक्षा समन्वयक दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में कुल 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 43 राजकीय एवं 56 निजी विद्यालय शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि परीक्षा संचालन के लिए 33 उप समन्वयक, 99 केंद्राधीक्षक तथा 155 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो अभिजागर तैनात रहेंगे तथा प्रत्येक कक्ष में 24 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा नियंत्रण कक्ष जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर के कक्ष संख्या-126 में स्थापित किया गया है। श्री राठौड़ ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 12 जुलाई से 17 जुलाई, 2026 तक कियाजाएगा। आरपीएससी की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई (रविवार) को सुबह प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक सामान्य ज्ञान ग्रुप-ए (21,504 अभ्यर्थी, 77 केंद्र) तथा अपराह्न 3:00 से 5:30 बजे तक सामाजिक विज्ञान (21,504 अभ्यर्थी, 77 केंद्र) का प्रश्न पत्र होगा। इसी प्रकार 13 जुलाई (सोमवार): प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक सामान्य ज्ञान ग्रुप-बी (29,488 अभ्यर्थी, 94 केंद्र) तथा अपराह्न 3 से 5:30 बजे तक हिंदी (29,488 अभ्यर्थी, 94 केंद्र) , 14 जुलाई (मंगलवार): प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक सामान्य ज्ञान ग्रुप-सी (29,376 अभ्यर्थी, 99 केंद्र) तथा अपराह्न 3 से 5:30 बजे तक विज्ञान (19,488 अभ्यर्थी, 62 केंद्र, 15 जुलाई (बुधवार): प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक संस्कृत (9,912 अभ्यर्थी, 41 केंद्र), 16 जुलाई (गुरुवार): प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक सामान्य ज्ञान ग्रुप-डी (10,608 अभ्यर्थी, 43 केंद्र) तथा अपराह्न 3:00 से 5:30 बजे तक गणित (5,232 अभ्यर्थी, 19 केंद्र)तथा 17 जुलाई (शुक्रवार) : प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक अंग्रेजी (5,160 अभ्यर्थी, 17 केंद्र) तथा अपराह्न 3:00 से 5:30 बजे तक उर्दू (216 अभ्यर्थी, 1 केंद्र) की परीक्षा आयोजित होगी।

# 5 साल पुरानी जांच में बड़ी कार्रवाई: ग्राम पंचायत बिलोता के प्रशासक सुरेश मीणा पदमुक्त

**मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी मस्टररोल से भुगतान मामले में जांच में उत्तरदायी पाए जाने पर पंचायती राज विभाग का आदेश-अन्य मामलों की जांच अभी जारी**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** टोंक जिले की पंचायत समिति उनियारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलोता में लंबे समय से चर्चित फर्जी मस्टररोल एवं मनरेगा भुगतान प्रकरण में पंचायत राज विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए प्रशासक (निर्वतमान सरपंच) सुरेश मीणा को पद से पदमुक्त (बर्खास्त) कर दिया है। पंचायती राज विभाग, जयपुर द्वारा 9 जुलाई 2026 को जारी आदेश में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद टोंक की जांच रिपोर्ट के आधार पर सुरेश मीणा को मृत व्यक्ति के नाम से फर्जी मस्टररोल जारी कर भुगतान कराने के मामले में उत्तरदायी मानते हुए ग्राम पंचायत बिलोता के प्रशासक पद से हटाया गया है।

आदेश में जिला कलेक्टर टोंक को उप सरपंच को प्रशासक का कार्यभार सौंपने तथा विभाग को इसकी सूचना भेजने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोक चंद मीणा के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी हुआ है। जानकारी अनुसार स्थानीय स्तर पर इस जांच कार्रवाई को लगभग पांच वर्षों (29 अक्टूबर 2021) से चल रही जांच का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है। हालांकि, ग्राम पंचायत बिलोता



से जुड़े अन्य गबन व वित्तीय अनियमितताओं के प्रमाणित मामलों की जांच अभी भी विभिन्न स्तरों पर लंबित बताई जा रही है।

प्रकरण की जांच करवाने वाले परिवादी शिवराज बारवाल, रामबाबू मीना, लोकेश मीना एवं संतराम मीना का दावा है कि ग्राम पंचायत बिलोता में नरेगा योजना सहित प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य निर्माण व विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच अभी भी जारी है। जिसकी कार्यवाही जिला परिषद स्तर पर लंबित बताई जा रही हैं। परिवादियों के अनुसार, पूर्व में जिला प्रशासन टोंक की जांच में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा, वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा, सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा, सहायक अभियंता विजय सिंह, तत्कालीन कनिष्ठ तकनीकी सहायक विक्रम कुमावत तथा वर्तमान कनिष्ठ तकनीकी सहायक कमलेश नागर सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका भी जांच के दायरे में रही है। शिकायतकर्ता परिवादियों ने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार की शिकायतें उठाने के बाद उनके विरुद्ध राजकार्य में बाधा तथा महिला कार्मिकों से अन्य मामलों में झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए, लेकिन कहावत हैं कि ईश्वर के घर देर हैं लेकिन अंधेर नहीं, सच परेशान हो सकता हैं लेकिन पराजित नहीं।परिवादियों का कहना है कि वे भ्रष्टाचार से जुड़े शेष मामलों में भी निष्पक्ष जांच, सरकारी धन की वसूली तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग जारी रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इधर, स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पदमुक्त किए गए सुरेश मीणा भारतीय जनता पार्टी के अलीगढ़ देहात मंडल की कार्यकारिणी में महामंत्री पद पर भी कार्यरत बताए जाते हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या भाजपा पार्टी इस प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अपने स्तर पर भी कोई निर्णय लेगी। हालांकि, इस संबंध में भाजपा पार्टी की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, अब देखना यह होगा कि पार्टी स्तर से कोई कार्यवाही हो पाएगी या नहीं।

# बकरी चोरों के भी खिलाफ कार्यवाही में शिवली में तीन शातिर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मुलाकात खोले कानपुर देहात की शिवली थाना पुलिस को बकरा बकरी चुराने वाले गिरोह का भी भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है।

बकरा और बकरी चोरी की अनेक घटनाओं को पहले भी अंजाम दे चुके इस गिरोह के पास से चोरी किया गया बकरा बरामद करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिनके पास से घटना में प्रयोग की जाने वाली मोटरसाइकिल, नगदी और मोबाइल आदि भी बरामद किया गया है। पकड़े गए कि गिरोह के सदस्यों के खिलाफ अनेक मुकदमे पहले भी दर्ज कराई जा चुके हैं। अपनी नियुक्त वाले अब तक के लगभग हर थाना क्षेत्र में पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई में अग्रणी तथा शिवली थाना क्षेत्र में अपने अब तक के कार्यकाल में हुई छोटी बड़ी सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करने वाले तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह को बकरा -बकरी चोर गिरोह के शातिर नमन पुत्र सुनील बाल्मीकि निवासी ग्राम दिलीपनगर थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर,अर्जुन पुत्र अजय निवासी खुमान निवादा थाना शिवली और शनी पुत्र मुनेश निवासी ग्राम काशीपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया।

**जयसिंहपुरा खोर अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट सख्त**


# सरकार-जेडीए से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट, सरकारी जमीन का सर्वे कर हर अवैध कब्जे का ब्यौरा पेश करने के निर्देश

**सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों पर हाईकोर्ट की सख्ती, जयसिंहपुरा खोर मामले में जेडीए को सर्वे, सड़क चौड़ाई बरकरार रखने और विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश**

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ ने जयसिंहपुरा खोर स्थित सरकारी भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने सूरजपोल गेट से जयसिंहपुरा खोर तक सरकारी भूमि पर हुए सभी अतिक्रमणों का सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा अब तक की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा न्यायालय के समक्ष रखने के आदेश दिए हैं।

यह जनहित याचिका दिलशाद अली पुत्र इश्तियाक अली की ओर से दायर की गई है। याचिका में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, नागरिकों के संवैधानिक



अधिकारों की रक्षा तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है। मामले में राज्य सरकार, जयपुर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन सहित अन्य संबंधित पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है।

3 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जी.एस. गिल ने नोटिस स्वीकार किया। इसके बाद हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण, उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा वर्तमान स्थिति का तथ्यात्मक विवरण अदालत में प्रस्तुत करें।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ट्रांसपोर्ट नगर से आमेर रोड क्रॉसिंग तक जेडीए मास्टर प्लान में निर्धारित सड़क की चौड़ाई हर हाल में बरकरार रखी जाए। साथ ही जेडीए को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली भूमि का सर्वे कर यह बताने को कहा गया है कि कहां-कहां अवैध कब्जे हैं और उन्हें हटाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी वैध निवासी के अधिकार प्रभावित नहीं होने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को पहले यह सत्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कौन लोग वैध रूप से रह रहे हैं और किन लोगों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। जांच पूरी होने के बाद केवल अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध ही कार्रवाई की जाएगी।

मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त 2026 को होगी। उस दिन राज्य सरकार, जेडीए और अन्य संबंधित विभागों को अपनी विस्तृत रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करनी होगी। रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे की कार्रवाई तय करेगी। जयसिंहपुरा खोर के इस बहुचर्चित अतिक्रमण मामले पर अब सभी की निगाहें अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

# भड़ल्या नवमी पर 22 जुलाई को होगा मोटीस (पंवार) गोत्र का ब्यावला महोत्सव

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के गोरधा स्थित मीणा मोटीस (पंवार) गोत्र के कुलदेवता श्रीमांगट देव मंदिर में आयोजित समाज की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आगामी 22 जुलाई को भड़ल्या नवमी के पावन अवसर पर ब्यावला महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि महोत्सव के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका दिव्या वैष्णव (जोधपुर) एवं भजन गायक कालू बडला अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन के अगले दिन सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा धर्म लाभ लेने की अपील की गई।

**स्कॉर्पियो में गांजा-स्मैक की बड़ी खेप पकड़ी-चार तस्कर गिरफ्तार**

# उनियारा पुलिस की कार्रवाई, 5.060 किलो गांजा-69.35 ग्राम स्मैक, स्कॉर्पियो, मोबाइल व नकदी जब्त

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** टोंक जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना (आईपीएस) के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उनियारा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो वाहन से 5 किलो 60 ग्राम गांजा एवं 69.35 ग्राम स्मैक बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन, चार मोबाइल फोन एवं 4,780 रुपये नकद भी जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा (आईपीएस) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं पुलिस वृत्ताधिकारी उनियारा अशोक कुमार कानखेडिया के सुपरविजन में थानाधिकारी उनियारा कप्तान सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार को करीब 11:40 बजे कामधेनु सर्किल के आगे नैनवां रोड पर नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो (एमपी 07 एएल 8710) को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी में वाहन से अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में सलमान पुत्र रशीद खान, निवासी श्योपुर (मध्यप्रदेश), अमन सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह भदौरिया, निवासी श्योपुर (मध्यप्रदेश), राकेश पुत्र ओमप्रकाश सिंह भदौरिया, निवासी श्योपुर (मध्यप्रदेश), सुरेश पुत्र मीठालाल भोपा, निवासी उनियारा, जिला टोंक हैं। जब्त




सामग्री में 5 किलो 60 ग्राम गांजा, 69.35 ग्राम स्मैक, स्कॉर्पियो वाहन (एमपी 07 एएल 8710), 4 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 4780 रूपये नकद जप्ती में हैं। पुलिस ने इस संबंध में थाना उनियारा पर प्रकरण संख्या 134/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 एवं 8/21 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस दौरान कार्यवाही में थानाधिकारी कप्तान सिंह, उपनिरीक्षक रतनलाल, हेड कांस्टेबल सोभाग मल, अशोक कुमार, कांस्टेबल विनोद, महेश कुमार, केदार एवं दिनेश की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें सहायक उप निरीक्षक रतनलाल मीणा की विशेष भूमिका रही।

# 15 जुलाई को रहेंगे सभी प्राइवेट स्कूल बंद, 'स्कूल बचाओ संघर्ष समिति' का गठन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शिक्षा शाला संबल जांच और निजी विद्यालयों पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव के विरोध में शनिवार को ब्यावर एवं आस-पास के क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों की एक आपात बैठक सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा जारी विद्यालय हितों के विपरीत आदेशों और बार-बार होने वाली जांचों पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया। स्कूल संचालकों ने साफ कहा कि जब समस्त डेटा ऑनलाइन उपलब्ध है और आरटीई (''श्व) के तहत सालाना निरीक्षण होता है, तो सालभर अलग-अलग जांचों के नाम पर परेशान करना बिल्कुल भी न्यायसंगत नहीं है।

'स्कूल बचाओ संघर्ष समिति' का हुआ गठन

सरकार से प्रभावी संवाद और नियमों में संशोधन करवाने के लिए बैठक में सर्वसम्मति से 'स्कूल बचाओ संघर्ष समिति' का गठन किया गया। इस 25 सदस्यीय समिति में सर्वसम्मति से भरत कुमार भाटी को संयोजक, जितेन्द्र कुमार अरोड़ा को अध्यक्ष, कुलदीप सिंह राठौड़ को प्रवक्ता, ओमाराम राणवा को सचिव तथा राजेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**15 जुलाई को संपूर्ण बंद और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन**

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने घोषणा की कि अपनी मांगों के समर्थन में आगामी 15 जुलाई 2026 (बुधवार) को ब्यावर और आस-पास के क्षेत्रों के सभी निजी विद्यालय पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस दिन सभी स्कूल संचालक एकजुट होकर जिलाधीश (कलेक्टर) महोदय को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शासन सचिव के नाम एक विस्तृत मांग पत्र और ज्ञापन सौंपेंगे।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी**

बैठक में उपस्थित संजय गहलोत, प्रवीण गोयल, दिलीप सिंह चौहान, दिनेश माहेश्वरी सहित दर्जनों स्कूल संचालकों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि निजी स्कूलों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं किया गया और शाला संबल जांच जैसी प्रक्रियाओं में व्यावहारिक सुधार नहीं हुए, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र व व्यापक रूप दिया जाएगा। समिति ने 15 जुलाई के बंद को सफल बनाने के लिए सभी संचालकों से अधिक से अधिक संख्या में जुटने की अपील की है।

# चन्दवाड़ में रहस्यमय धमाके से किसान का कुआं ढहा, बिजली गिरने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** चन्दवाड़ गांव में शनिवार दोपहर को एक रहस्यमय घटना में किसान हरिराम मीणा का पक्का कुआं अचानक जमींदोज हुआ मिला। इस घटना से कुएं में लगी पानी की मोटर, पाइप और अन्य कृषि उपकरण मलबे में दब गए, जिससे किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

किसान हरिराम मीणा (पिता रामलाल मीणा) ने बताया कि जब वे दोपहर में अपने खेत पर पहुंचे, तो कुएं को पूरी तरह ढहा हुआ देखकर दंग रह गए। ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार देर रात क्षेत्र में आसमान से बिजली गिरने जैसी तेज गड़गड़ाहट सुनाई दी थी और जमीन में कंपन भी महसूस किया गया था।



चूंकि क्षेत्र में अभी भारी बारिश नहीं हुई है और कुआं काफी मजबूत था, ग्रामीणों का मानना है कि यह घटना आसमानी बिजली गिरने के कारण हुई है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

कुएं के नष्ट होने से किसान की खेती का मुख्य साधन समाप्त हो गया है। हरिराम मीणा ने तत्काल ग्राम पंचायत चन्दवाड़ और हल्का पटवारी को घटना की सूचना दी है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन की टीम द्वारा मौका-मुआयना करने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति और बिजली गिरने के कारण की पुष्टि हो पाएगी।

यह घटना चन्दवाड़ से करीब 2 किलोमीटर दूर 'माल' इलाके में हुई है। कुएं के धंसने की खबर फैलते ही मोतीलाल मीणा खेड़ा, राधेश्याम मीणा, बद्री लाल मीणा (सतवाड़ा), राजाराम मीणा, दिलखुश मीणा, जसराम मीणा और पप्पू लाल मीणा सहित कई ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, इस रहस्यमय घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

# टोंक पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल-16 अधिकारियों के तबादले

**10 पुलिस निरीक्षक व 6 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण-कई प्रमुख थानों को मिले नए थानाधिकारी**

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा (आईपीएस) ने टोंक जिले के पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पुलिस निरीक्षक एवं उप निरीक्षक स्तर के कुल 16 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं।

पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीना (आईपीएस) द्वारा 10 जुलाई 2026 को जारी आदेश के अनुसार 10 पुलिस निरीक्षकों एवं 6 उप निरीक्षकों को नवीन पदस्थापन दी गई है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। स्थानांतरण सूची के अनुसार देवली, उनियारा, नगरफोर्ट, दूनी, बनेठा, पीपलू, सोप, टोडारायसिंह, बरौनी, मालपुरा, पुरानी टोंक, महिला थाना टोंक, सदर टोंक एवं नासिरदा सहित कई महत्वपूर्ण थानों के थानाधिकारी बदले गए हैं। जहां प्रीति रतनू को पचेवर से देवली थानाधिकारी, ओम कंवर को महिला थाना टोंक से उनियारा, बाबूलाल को नगरफोर्ट से दूनी, अंकेश कुमार को टोडारायसिंह



से सदर टोंक, जयमल सिंह को सदर टोंक से बरौनी, हीरालाल को दतवास से बनेठा, कालूराम को यातायात शाखा से पीपलू तथा राजकुमार को पीपलू से सोप थानाधिकारी बनाया गया।श्रीमती भारती को निवाई से महिला थाना टोंक पदस्थापित किया गया। एसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारियों को तत्काल नवीन पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पांचना बांध विवाद में शांति एवं भाईचारा बनाए रखें: आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत

स्मार्ट हलचल

**महवा।** आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत ने पांचना बांध की नहरों में पानी छोड़े जाने को लेकर पिछले कुछ समय से उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए समस्त किसानों, युवाओं, कमांड एरिया के निवासियों तथा सभी समाजों से शांति, संयम और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

दिनांक 10 जुलाई 2026 को आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रमुख पदाधिकारियों, सेवादारों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण टेलीफोनिक कॉन्फ्रेंस महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। करीब एक घंटे तक चले विस्तृत विमर्श में पांचना बांध से जुड़ी वर्तमान परिस्थितियों, कमांड एरिया के किसानों की मांग, न्यायालय के आदेश, जनाक्रोश तथा मीडिया और सोशल मीडिया पर बढ़ती भड़काऊ बयानबाजी पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा ने बताया कि विमर्श में इस बात पर विशेष चिंता व्यक्त की गई कि किसानों के सिंचाई और पानी



से जुड़े एक गंभीर विषय को कुछ लोगों द्वारा गुर्जर बनाम मीणा संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर दोनों समुदायों के कुछ लोगों द्वारा की जा रही अशिष्ट, असंसदीय, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां वर्षों पुराने सामाजिक भाईचारे को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

महापंचायत का स्पष्ट मत है कि पांचना बांध और उसकी नहरों में पानी छोड़े जाने का विषय किसानों, सिंचाई व्यवस्था, कमांड एरिया और न्यायिक आदेशों के पालन से जुड़ा विषय है। इसे किसी भी स्थिति में दो समाजों के बीच जातीय संघर्ष का रूप नहीं दिया जाना चाहिए।

महापंचायत ने कहा कि कमांड एरिया में किसी एक जाति या समुदाय के लोग नहीं, बल्कि विभिन्न समाजों के किसान और परिवार निवास करते हैं। पानी किसान की आवश्यकता है और सिंचाई का प्रश्न खेती, फसल तथा किसान परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। इसलिए इस विषय पर जातीय उत्तेजना फैलाना समस्या के समाधान के बजाय परिस्थितियों को और अधिक गंभीर बनाएगा।

आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत समस्त आक्रोशित किसानों और विशेष रूप से युवाओं से आग्रह करती है कि वे अपने संवैधानिक एवं न्यायसंगत अधिकारों के प्रति सजग रहें, लेकिन किसी भी प्रकार की हिंसा, कानून-विरोधी गतिविधि, जातीय टिप्पणी, अपमानजनक भाषा अथवा भड़काऊ सोशल मीडिया अभियान का हिस्सा न बनें।

महापंचायत ने सभी पक्षों से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी समाज, समुदाय अथवा उसके लोगों के विरुद्ध अनर्गल और उत्तेजक टिप्पणियां तत्काल बंद की जाएं। असहमति और विरोध लोकतांत्रिक अधिकार हैं, लेकिन किसी पूरे समाज को अपमानित करना अथवा दो समुदायों को आमने-सामने खड़ा करने वाली भाषा का प्रयोग किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।

महापंचायत का मानना है कि शासन और प्रशासन का दायित्व है कि वह न्यायालय के आदेशों तथा कानून के अनुरूप पांचना बांध से जुड़े विवाद का निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करे। लंबे समय से चली आ रही समस्या को अनिश्चितता में बनाए रखना जनाक्रोश और सामाजिक तनाव को बढ़ा सकता है।

महापंचायत ने स्पष्ट किया कि गुर्जर और मीणा समाज सहित पूर्वी राजस्थान के सभी समुदाय पीढ़ियों से सामाजिक, पारिवारिक और क्षेत्रीय भाईचारे के साथ रहते आए हैं। पानी का कोई विवाद इस ऐतिहासिक भाईचारे से बड़ा नहीं हो सकता। कुछ व्यक्तियों की उत्तेजक टिप्पणियों को किसी पूरे समाज की भावना नहीं माना जाना चाहिए।

आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत समस्त किसानों, युवाओं और सभी पक्षों से पुनः अपील करती है।

'अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाएं, लेकिन सौहार्द एवं भाईचारा न टूटने दें। शांति और धैर्य बनाए रखें तथा सोशल मीडिया पर संयम रखें। अफवाह, अपमान और भड़काऊ बयानबाजी से बचें। पांचना बांध के पानी का विषय किसानों और सिंचाई से जुड़ा विषय है–इसे जातीय संघर्ष न बनने दें। '

महापंचायत ने मीडिया और सोशल मीडिया से जुड़े सभी जिम्मेदार लोगों से भी आग्रह किया है कि वे पांचना बांध विवाद को 'गुर्जर बनाम मीणा' संघर्ष के रूप में प्रस्तुत करने से बचें तथा शांति, संवाद और समाधान को बढ़ावा देने में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

टेलीफोनिक कॉन्फ्रेंस में महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम लाल मीणा के अलावा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा, प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार, प्रदेश वाद पंजीयक एवं करौली जिला अध्यक्ष हीरालाल मीणा, अलवर जिला अध्यक्ष कमल सिंह मीणा, भरतपुर जिला अध्यक्ष भजन लाल मीणा, दौसा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा हिंगोटा, धौलपुर जिला अध्यक्ष रामभरोसी मीणा एवं रमेशचंद मीणा हिंगोटा सहित अनेक महत्वपूर्ण पदाधिकारियों, सेवादारों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट के बैनर तले दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ


**रविवार को अविवाहित युवक युवती परिचय सम्मेलन**



स्मार्ट हलचल

पुष्कर/ अजमेर/ तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट के बैनर तले दो दिवसीय कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ । जो रविवार सांयकाल तक चलेगा ।शनिवार पाराशर यात्री निवास में क़रीब साठ पाराशर समाज के बटुक जनेऊ संस्कार किया गया । रविवार को अविवाहित युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा , जिसमें सभी अपना परिचय देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदव्यास जी की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ । पूजा पंडित ओम गुरुजी एवं गंगाधर पाराशर ने की।

कार्यक्रम में श्री तीर्थ पुरोहित संघ के अध्यक्ष पुष्कर नारायण आदाली, पूर्व पालिका अध्यक्ष सूरज नारायण पाराशर, पूर्व पालिका अध्यक्ष दामोदर शर्मा ,सुभाष उर्फ राकेश पाराशर , समाजसेवी माधव पाराशर ,दिनेश पंडित ,अरुण पाराशर ,दामोदर मुखिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।



# मैंने कभी भी निजी रिश्तों को अपने काम और कला के बीच नहीं आने दिया

अभिनेता और फिल्ममेकर कुणाल खेमू इन दिनों अपने नए रियलिटी शो 'अलायंस' को लेकर चर्चा में हैं। कुणाल ने हाल ही में उस सवाल का जवाब दिया, जो अक्सर उनसे पूछा जाता है। भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित परिवारों में से एक का हिस्सा बनने के बाद क्या उन्हें कभी किसी तरह का दबाव या उम्मीदों का बोझ महसूस हुआ? इस पर कुणाल ने कहा कि उन्होंने कभी भी निजी रिश्तों को अपने काम और कला के बीच नहीं आने दिया। बातचीत में सवाल का जवाब देते हुए कुणाल ने कहा, ''नहीं, मेरे लिए मेरी कला और मेरे भीतर का कलाकार सबसे ज्यादा मायने रखता है। यही मेरे लिए सबसे अहम है। सच कहूं तो मैंने कभी इस नजरिए से सोचा ही नहीं कि मैं शर्मिला टैगोर का दामाद हूं।'' अगर मैं यह कहूं कि मैं इस बारे में सोचता हूं या इससे बचने की कोशिश करता हूं, तो यह झूठ होगा। यह बात मेरे दिमाग में रहती ही नहीं है।'' अभिनेता ने आगे कहा, ''मेरी क्रिएटिव जर्नी हमेशा एक्टिंग और फिल्ममेकिंग के प्रति मेरे पैशन से प्रेरित रही है। मैंने कभी इस बात को महत्व नहीं दिया कि मैं किस परिवार का हिस्सा हूं। किसी कलाकार की असली पहचान उसके काम से बनती है, न कि उसके पारिवारिक रिश्तों से।'' बता दें कि कुणाल खेमू ने अभिनेत्री सोहा अली खान से 25 जनवरी 2015 को शादी की थी। सोहा अली खान, दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और दिवंगत क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की बेटी हैं।




# कन्नड़ सुपरस्टार यश के साथ काम करने का काजल ने शेयर किया अनुभव

'रामायण' फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। जहां फैंस इस बड़ी स्टारकास्ट को एक साथ देखने के लिए एक्साइटेड हैं, वहीं काजल ने खुलासा किया है कि फिल्म के पहले पार्ट में उनका रोल काफी छोटा है।

पहले पार्ट में लिमिटेड है काजल का रोल हाल ही में इंटरव्यू में काजल ने बताया कि पहले पार्ट में मंदोदरी का रोल ज्यादा नहीं दिखेगा। उन्होंने कहा कि कहानी का बड़ा हिस्सा लंका से पहले का है, इसलिए उनके किरदार को शुरुआती हिस्से में ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिलेगा। काजल ने कहा, 'हमने अभी सिर्फ पार्ट 1 की शूटिंग की है और जाहिर है उसमें लंका का हिस्सा कम है, और मैं मंदोदरी हूं। इसलिए मेरा रोल बहुत लिमिटेड है। इसके बावजूद ये अनुभव बहुत शानदार रहा है। इतनी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनना, जो एक वर्ल्ड फिल्म होने वाली है, बहुत खास एहसास है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं, जो हमारे दिल के बहुत करीब है।'

काजल ने इस फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे कन्नड़ सुपरस्टार यश के साथ काम करने का अनुभव भी शेयर किया। उन्होंने कहा कि वह पहले से ही उनके काम की फैन रही हैं और उनके साथ काम करना शानदार रहा। उन्होंने कहा, 'वो बहुत अच्छे एक्टर हैं। मैं हमेशा से उनके काम को पसंद करती आई हूं और इस प्रोजेक्ट में उनके साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। वो इस फिल्म को लेकर बहुत इन्वॉल्व हैं। वो बेहद प्रोफेशनल हैं और निश्चित तौर पर बहुत टैलेंटेड हैं।'

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायण' दो हिस्सों में रिलीज होगी। इसका पहला पार्ट दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में आएगा, जबकि दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा। अब तक मेकर्स ने फिल्म की सिर्फ एक झलक दिखाई है, जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में नजर आए। साथ ही रवि दुबे (लक्ष्मण), साई पल्लवी (सीता) और अयोध्या की भव्य दुनिया की झलक भी देखने को मिली।





# मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' जैसी नहीं होगी 'हैवान'




सैफ अली खान और अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म 'हैवान' में एक साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर सैफ ने बताया कि उनकी आने वाली फिल्म 'हैवान' उनकी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' जैसी बिल्कुल नहीं है। एक खबर के अनुसार, सैफ ने बताया कि 'हैवान' में अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन के रोल में नजर आएंगे। सैफ उन्हें इस नए अवतार में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। सैफ ने अक्षय को अपने बड़े भाई जैसा बताया है। उनका कहना है कि दोनों की 30 साल पुरानी दोस्ती है, दोनों एक-दूसरे की बहुत इज्जत करते हैं और उनके बीच की केमिस्ट्री कमाल की है। भले ही फिल्म 'हैवान' की कहानी बहुत गंभीर है, लेकिन शूटिंग के दौरान अक्षय और सैफ कैमरे के पीछे खूब मजाक-मस्ती करते थे। उनकी इन शरारतों को देखकर निर्देशक प्रियदर्शन उन्हें अक्सर बच्चों की तरह डांटते भी थे। 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' जैसी पिछली फिल्मों में दोनों ने दर्शकों को खूब हंसाया था। लेकिन सैफ ने साफ किया है कि 'हैवान' कोई कॉमेडी फिल्म नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर कहानी पर आधारित है। आखिर में सैफ ने कहा कि अगर भविष्य में कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिली, तो वह अक्षय के साथ फिर से कोई कॉमेडी फिल्म जरूर करेंगे। लेकिन फिलहाल दर्शकों को 'हैवान' में इन दोनों का एक बिल्कुल अलग और रोमांचक अंदाज देखने को मिलेगा। 'हैवान' का निर्देशक प्रियदर्शन कर रहे हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है। 'हैवान' में अक्षय कुमार और सैफ अली खान साथ नजर आएंगे।

# जॉम्बी सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है रणवीर सिंह की अगली फिल्म 'प्रलय'



'धुरंधर' की सफलता के बाद फैंस रणवीर सिंह की अगली बड़ी फिल्म 'प्रलय' के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्ममेकर जय मेहता की जॉम्बी सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू हो सकती है। साथ ही फिल्म का एक बड़ा हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में शूट किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'प्रलय' की शूटिंग सितंबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर ने इस प्रोजेक्ट के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक सोर्स ने बताया, 'रणवीर 2026 के दूसरे हाफ में जय मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में होगी और उन्होंने तैयारी शुरू भी कर दी है। फिल्म के बड़े पैमाने और जॉनर को देखते हुए इसके लिए जबरदस्त फिजिकल और इमोशनल तैयारी की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन अभी ऑस्ट्रेलिया में चल रहा है, जहां जय मेहता और उनकी टीम उन टेक्नीशियन्स के साथ मिलकर काम कर रही है जो पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स से जुड़े रहे हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स प्रोडक्शन शुरू होने से पहले फिल्म की विशाल पोस्ट-एपोकैलिप्टिक दुनिया बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'प्रलय' काफी हद तक विजुअल इफेक्ट्स पर निर्भर करेगी और राइटिंग टीम स्क्रीनप्ले और फिल्म की बड़ी जॉम्बी दुनिया को बेहतर बनाने का काम जारी रखेगी।

# महिला प्रधान एक्शन फिल्मों के लिए उम्मीद भरा दौर है

**बीते दिन शुक्रवार को यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'अल्फा' रिलीज हुई, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी अहम भूमिकाओं में हैं। इसी के साथ हुमा कुरैशी अभिनीत 'बेबी डू डाई डू' ने भी दस्तक दी। दोनों फिल्मों के क्लैश पर हाल ही में हुमा कुरैशी ने चुप्पी तोड़ी।**

फिल्म 'बेबी डू डाई डू' में हुमा कुरैशी ने एक मूक बधिर दिव्यांग का किरदार अदा किया है। इस भूमिका के लिए उनकी काफी तारीफ हो रही है। हाल ही में हुमा ने फिल्म पर बात की। हुमा ने कहा, 'मैं एक ऐसी महिला किलर का रोल कर रही हूं, जो सुन या बोल नहीं सकती। यह कोई कमी या कमजोरी नहीं है, बल्कि असल में उसकी ताकत है। आमतौर पर यह माना जाता है कि किलर हमेशा पुरुष ही होता है। महिला प्रधान एक्शन फिल्मों के लिए बढ़ते स्पेस के बारे में बात करते हुए हुमा कुरैशी ने कहा कि दर्शकों की बदलती उम्मीदों और अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की वजह से, मौजूदा समय महिलाओं के नेतृत्व वाली एक्शन फिल्मों के लिए एक उम्मीद भरा दौर है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम कहीं पीछे रहने वाले हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। बातचीत के दौरान हुमा कुरैशी ने 'बेबी डू डाई डू' और 'अल्फा' के बॉक्स ऑफिस टकराव पर भी चुप्पी तोड़ी। हुमा ने दोनों महिला प्रधान फिल्मों के एक साथ आने का स्वागत किया। हुमा ने कहा, 'मैं 'अल्फा' को कॉम्पिटिशन के तौर पर नहीं देखती। मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बनने और देखे जाने की गुंजाइश है। हमारी फिल्म इंडिपेंडेंटली बनी है। मैं यह भी नहीं देख रही कि उस वीकएंड और क्या रिलीज हो रहा है? बस अपने दर्शकों तक पहुंचना चाहती हूं। दूसरी ओर, मुझे यह बहुत अच्छा लगता है कि हम ऐसे दौर में हैं जहां बॉक्स ऑफिस पर दो महिला-प्रधान फिल्में टकरा रही हैं। हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जहां यह असलियत है।






# आज हर वो शख्स क्रिएटर है, जिसके पास फोन है

पिछले दिनों अपनी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' में नर्स की भूमिका में तारीफें बटोरने वाली कंगना इन दिनों एक बार फिर चर्चा में हैं रिएलिटी शो 'लॉकअप' को लेकर। उनकी 'क्वीन 2' को लेकर भी खबरें हैं है कि वो फिल्म पूरी हो चुकी है। अपनी भूमिकाओं में जान डाल देने वाली यह अभिनेत्री पॉलिटिशियन के रूप में भी धाकड़ हैं। हिमाचल की रहने वाली कंगना जब छोटी उम्र में घर वालों की खिलाफत करके दिल्ली आईं, तब तक उनके लिए अभिनेत्री बनने का रास्ता बहुत मुश्किल रहा। मगर पहले गैंगस्टर, फिर तनु वेड्स मनु और क्वीन ने उन्हें अभिनेत्री के रूप में स्थापित कर दिया। कई खट्टे-मीठे अनुभवों से गुजरी कंगना अपने जीवन की उपलब्धियों में कई लोगों के योगदान की बात करती हैं।

कंगना का मानना है कि अपने अकेले दम पर कोई भी इंसान कुछ हासिल नहीं कर सकता। वे कहती हैं, 'इंसान की जिंदगी में कई लोग होते हैं, जो किस्मत को संवारते हैं। माता, पिता, गुरु से शुरू होने वाला ये सिलसिला चलता जाता है। आज जो शब्दावली मैं बोल भी पा रही हूं, तो उसमें कई लोगों का योगदान है। जब मैं अभिनय के क्षेत्र में आई, उस वक्त अनुराग बसु मेरे करियर में अहम साबित हुए, जिन्होंने मुझे गैंगस्टर जैसी फिल्म दी और फिर विकास बहल जैसे फिल्मकार जिन्होंने क्वीन से मुझे सफलता दिलाई। पिछले कुछ समय से इंडस्ट्री पर स्लो डाउन के बादल मंडरा रहे हैं और कहा जा रहा है कि फिल्मों का बजट, स्टार्स की फीस जैसे फैक्टर्स में यदि सुधार नहीं हुआ, तो फिल्म उद्योग खतरे में पड़ जाएगा। इस पर कंगना कहती हैं, 'फिल्म इंडस्ट्री को उठना तो पड़ेगा ही। मुझे याद है, आज से दस साल पहले मैं और शेखर कपूर (फिल्मकार) किसी बात पर चर्चा कर रहे थे और उन्होंने मुझसे कहा, कंगना जिसके हाथ में कैमरा या मोबाइल होगा, वो एक फिल्म बनाएगा। उस वक्त मुझे लगा था कि हर कोई डायरेक्टर नहीं बन सकता। मुझे उनकी बात जंची नहीं थी। मगर आज देखिए, आज इंटरनेट पर लोग दो-दो मिनट की फिल्म बना रहे हैं। कोई ट्रेन में चढ़ा हुआ है, तो कोई दूर - दराज के गांव में बैठी कोई महिला दूध दुहना सिखा रही है, कोई खाना पकाना सिखा रहा है, तो कोई मेकआप टिप्स दे रहा है और आप सभी इस सिस्टम में पूरी तरह से एंगेज हो गए हैं। दूसरों की क्या कहूं, मेरे खुद के माता-पिता आज रील्स में इतना बिजी हैं। आज रिलेटेबल रोल्स खत्म होते जा रहे हैं। पुष्पा जैसा मजदूर आपने कब देखा था? शायद अमिताभ बच्चन जी के दौर में।'

## जॉन सर सही मायनों में कूल हैं



कंगना की नई फिल्म को लेकर एक दिलचस्प बात ये है कि इसका शीर्षक जॉन अब्राहम के पास रजिस्टर था, मगर उन्होंने खुशी-खुशी इसे कंगना को दे दिया। इस पर कंगना कहती हैं, 'इंसान वहीं मांगता है, जहां उसे उम्मीद होती है। जॉन सर के साथ शूटआउट एट वडाला की थी। उनके बारे में जो कहा जाता है कि वे अपने काम से काम रखते हैं और सही मायनों में कूल गाय है। उनके साथ एक कमाल का कंफर्ट था। मैं इसे दोस्ती तो नहीं कहूंगी, क्योंकि दोस्ती की अलग-अलग परिभाषा होती है। जो मैंने उनका बर्ताव देखा, तो पाया कि वे अपने काम से काम रखते हैं, मगर ऐसा भी नहीं हैं कि दुनिया-जहान से ला-ताल्लुक हैं। अप्रोचेबल हैं, रीचेबल हैं,, अगर हैं अपनी दुनिया में। मैंने जब भी उनके साथ काम, किया, मुझे बहुत मजा आया। हमारी इस फिल्म का नाम पहले नर्सेज ऑफ कामा था, मगर शीर्षक में वो बात नहीं आ पा रही थी। तब टाइटल आया, भारत भाग्य विधाता, मगर फिर पता चला कि ये शीर्षक तो जॉन सर के पास है। जाहिर है, वो निर्माता भी हैं, तो एक निर्माता कई सालों तक पैसे जमा कर करके अपने टाइटल को सुरक्षित रखता है। मुझे लगा मैं इस शीर्षक के लिए किसी तरह से उन्हें मना ही लूंगी, मगर उसकी नौबत नहीं आई। मेरे कहने भर से उन्होंने मुझे दे दिया। उनका दिल बहुत बड़ा है।'

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com